

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

संवत 2082, पौष कृष्णपक्ष 13 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 98 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ खरपतवार-आजीविका के लिए खतरा

धुरंधर 4-5 बार देखना चाहती हूं : एलनाज नौरोजी ◂◂ 6


# रांची का तापमान लुढ़का, कई जिलों का न्यूनतम पारा 10 डिग्री से नीचे

संवाददाता



**रांची:** झारखंड में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है. उत्तर-पश्चिम से आ रही है उत्तरी हवाओं की वजह से न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री से ज्यादा की कमी दर्ज हुई है। राजधानी रांची में पड़ रही कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। यहां का न्यूनतम पारा 5.3 डिग्री पहुंच गया. राज्य में नौ जिले ऐसे हैं, जहां का न्यूनतम पारा 10 डिग्री से भी नीचे रिकॉर्ड हुआ है।

**इन जिलों में पड़ रही है कड़ाके की ठंड :** मौसम केंद्र, रांची की ओर से 17 दिसंबर की सुबह जारी रिपोर्ट के मुताबिक रांची के बाद गुमला का न्यूनतम पारा 5.7 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है. वहीं खूंटी में 6.8 डिग्री, डाल्टनगंज में 7.9 डिग्री, सिमडेगा में 8.1 डिग्री, हजारीबाग में 9.1 डिग्री, लोहरदगा में 9.3 डिग्री, बोकारो में 9.5 डिग्री और लातेहार में 9.7 डिग्री पर पारा पहुंच गया है. पिछले 24 घंटे के भीतर बोकारो के न्यूनतम तापमान में सबसे ज्यादा 2.8 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज हुई है।

**चार जिलों का अधिकतम पारा 25 डिग्री से नीचे :** मौसम केंद्र के मुताबिक राहत की बात है कि रात के बाद कड़ाके की ठंड के बीच दिन के वक्त खिली धूप की वजह से अधिकतम तापमान भी बढ़ा हुआ है. चाईबासा में सबसे ज्यादा 28.0 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ है. वहीं सरायकेला में 27.3 और पूर्वी सिंहभूम का अधिकतम पारा 27.2 डिग्री रहा है. सिर्फ गुमला, कोडरमा, हजारीबाग और लातेहार ऐसे जिले हैं जहां का अधिकतम पारा 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे है. इन जिलों में दिन के वक्त भी ठिठुरन महसूस हो रही है। मौसम केंद्र का पूवार्नुमान है कि अगले 22 दिसंबर तक सुबह के वक्त मध्यम दर्जे का कोहरा देखने को मिल सकता है। लेकिन दिन के वक्त आसमान साफ रहेगा. पिछले 24 घंटे में कई जिलों में अधिकतम तापमान में सामान्य से 1 से 3 डिग्री तक की कमी आई है। वहीं कड़ाके की ठंड को देखते हुए किसान भाइयों के लिए भी कुछ जरूरी सुझाव साझा किये गये हैं । मसलन, सुबह के वक्त खड़ी सब्जियों और फसलों में हल्की सिंचाई करने का सुझाव दिया गया है। कम तापमान की वजह से खराब अंकुरण से बचने के लिए सब्जियों की नर्सरी के ऊपर कम लागत वाले पॉलिथीन कवर का इस्तेमाल बेहतर साबित होगा. साथ ही हाल में बोई गई रबी की फसलों और नये पौधों को नमी के तनाव से बचाने के लिए पर्याप्त सिंचाई करनी चाहिए।

द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया अवॉर्ड से नवाजे गए पीएम मोदी

# पीएम मोदी ने जताया आभार 'बोले- ये मेरे लिए गर्व की बात है'



**नई दिल्ली :** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों के विदेश दौरे के अंतिम चरण में हैं। आखिरी चरण में वह ओमान पहुंच रहे हैं। ओमान के लिए रवाना होने से पहले पीएम मोदी को मंगलवार को इथियोपिया के सबसे बड़े सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी ने इस सम्मान के लिए बुधवार को इथियोपिया की सरकार और वहां की जनता का आभार जताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने लिखा, इथियोपिया के लोगों और सरकार के साथ-साथ प्रधानमंत्री अबी अहमद अली का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने कल शाम मुझे इथियोपिया का महान सम्मान निशान दिया। दुनिया की सबसे पुरानी और समृद्ध सभ्यताओं में से एक से सम्मानित होना बहुत गर्व की बात है। यह सम्मान उन अनगिनत भारतीयों का है जिन्होंने इतने सालों में हमारी साझेदारी को आकार दिया है और मजबूत किया है। उन्होंने कहा, भारत बदलती वैश्विक चुनौतियों से निपटने और नए मौके बनाने के लिए इथियोपिया के साथ सहयोग को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पीएम मोदी ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का एक और पोस्ट भी एक्स पर रीशेयर किया। इस पोस्ट में पीएम मोदी के द्विपक्षीय दौरे का अनुभव और खास नतीजों पर रोशनी डाली गई।

पीएम ने कहा, ये हमारी लंबे समय से चली आ रही और भरोसेमंद साझेदारी में अहम कदम है। शासन और शांति स्थापना से लेकर डिजिटल क्षमता और शिक्षा तक, फोकस हमारे लोगों को मजबूत बनाने पर है। ज्ञान, कौशल और नवाचार पर जोर युवाओं में हमारे साझा विश्वास को दिखाता है कि वे आने वाले भविष्य हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं में सहयोग इंसानी गरिमा और सबसे कमजोर लोगों की देखभाल के लिए एक गहरी प्रतिबद्धता को दिखाता है। ये नतीजे ग्रोथ और लोगों पर केंद्रित विकास पर फोकस करने वाली भारत-इथियोपिया साझेदारी को दिखाते हैं। इससे पहले मंगलवार को, रणधीर जायसवाल ने प्रधानमंत्री मोदी के फेडरल डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ इथियोपिया दौरे के नतीजों की एक पूरी लिस्ट साझा की थी। इनमें दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाना, कस्टम मामलों में सहयोग और आपसी प्रशासनिक सहयोग पर एक समझौता, और इथियोपिया के विदेश मंत्रालय में एक डेटा सेंटर बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) शामिल है।

# इथियोपिया में गूंजा वंदे मातरम

**अदीस अबाबा :** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय इथियोपियाई दौरे का दूसरा दिन है। इथियोपिया में पीएम मोदी का भव्य तरीके से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें इथियोपिया के सर्वोच्च सम्मान से भी नवाजा गया। मंगलवार को आयोजित इस डिनर पार्टी में पीएम मोदी का स्वागत वंदे मातरम गीत गाकर किया गया। डिनर के दौरान, इथियोपियाई संगीतकारों ने वंदे मातरम गाया। वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रधानमंत्री इस गीत का भरपूर आनंद ले रहे हैं। देखते ही देखते वह अपने दोनों हाथ उठाकर ताली बजाते हैं और कलाकारों की सराहना करते हैं। बता दें, भारत में वंदे मातरम के राष्ट्रीय गीत के बनने के 150 साल पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा है। ऐसे में इस गीत का पीएम मोदी के स्वागत में गाया जाना और भी खास हो गया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उस पल का एक वीडियो शेयर करते हुए, पीएम मोदी ने लिखा, कल प्रधानमंत्री अबी अहमद अली द्वारा होस्ट किए गए बैंक्वेट डिनर में, इथियोपियाई संगीतकारों ने वंदे मातरम का एक शानदार गाना गाया। यह बहुत ही भावुक करने वाला पल था, वह भी ऐसे समय में जब हम वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को इथियोपिया पहुंचे। यह दौरा प्रधानमंत्री अबी अहमद के आमंत्रण पर हुआ, जो भारत-इथियोपिया रिश्तों की बढ़ती रणनीतिक और कूटनीतिक अहमियत को दिखाता है। प्रधानमंत्री मोदी के पहुंचने के तुरंत बाद दोनों नेताओं को एयरपोर्ट पर ही छोटी सी अनौपचारिक बातचीत करते देखा गया।

पीएम मोदी ने इसके लिए इथियोपिया की सरकार और वहां की जनता का आभार भी जताया है। इसके साथ ही उन्होंने अदीस अबाबा में अपने इथियोपियाई समकक्ष अबी अहमद अली द्वारा आयोजित एक डिनर पार्टी का एक दिल को छू लेने वाला पल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया।

इस पल को 'एक्स' पर साझा करते हुए पीएम मोदी ने लिखा, अदीस अबाबा एयरपोर्ट पर, प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के साथ एक पारंपरिक कॉफी सेरेमनी में हिस्सा लिया। यह सेरेमनी इथियोपिया की धनी विरासत को खूबसूरती से दिखाती है।

# पहलगाम आतंकी हमला: एनआईए ने दाखिल की चार्जशीट, पाकिस्तान का नाम आया सामने



**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम हमले के मामले में 1,597 पन्नों की एक विस्तृत चार्जशीट दायर की है। यह चार्जशीट हमले के आठ महीने बाद दायर की गई। एनआईए अधिकारियों का कहना है कि चार्जशीट में ऐसे अहम सबूत हैं जो पाकिस्तान के शामिल होने की बात कह रहे है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकवादियों, हैंडलर्स और मास्टरमाइंड्स के नाम बताने के अलावा सभी ऑपरेशनल डिटेल्स भी लिस्ट किए हैं, लेकिन इस दस्तावेज का सबसे अहम पहलू पाकिस्तान से सीधा लिंक है, जिसे एजेंसी ने लिस्ट किया है। यह चार्जशीट भारत के लिए इंटरनेशनल कम्युनिटी में पाकिस्तान को फिर से बेनकाब करने के लिए एक अहम दस्तावेज का काम करेगी। एक अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान ने हमले में अपनी भूमिका से बार-बार इनकार किया है और कहा है कि भारत के आरोप बेबुनियाद हैं। जब भारत ने पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया, तो पाकिस्तान ने भी हंगामा किया। जब पाकिस्तान ने आतंकी हमले की योजना बनाई, तो उसका इरादा साफ था। न सिर्फ वहां की सरकार घरेलू समस्याओं से ध्यान भटकाना चाहती थी, बल्कि वह जम्मू-कश्मीर में फलते-फूलते टूरिज्म इंडस्ट्री को भी नुकसान पहुंचाना चाहती थी। सरकार इस इंडस्ट्री को कुछ समय के लिए पटरी से उतारने में कामयाब रही, लेकिन आज यह फिर से पटरी पर आ गई है।

इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान ने शुरू में यह कहकर हमले से पल्ला झाड़ने की कोशिश की कि इसे जम्मू-कश्मीर के स्थानीय लोगों ने अंजाम दिया था।

अधिकारी ने कहा कि इसका मकसद कश्मीरियों के खिलाफ लोगों में गुस्सा भड़काना और जम्मू-कश्मीर और बाकी भारत को बांटना था। यह भी पाकिस्तान के लिए बहुत कम समय के लिए काम आया। एनआईए अधिकारियों का कहना है कि चार्जशीट में ऐसे अहम सबूत हैं जो पाकिस्तान को दोषी साबित करते हैं। ऑपरेशन महादेव वाली जगह से दो एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए गए। इसी मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने डाचीगाम में तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया था। एनआईए को अहम सबूत मिले जिससे यह साबित हुआ कि आतंकवादी पाकिस्तानी मूल के थे। इसके अलावा, यह पाया गया कि फोन पाकिस्तान में खरीदे गए थे और उनके फोरेंसिक एनालिसिस से आतंकवादियों का संबंध उस देश से जुड़ा। मुठभेड़ के बाद, एजेंसियों ने एम4 असॉल्ट राइफलें बरामद कीं, जिनका इस्तेमाल हाल के दिनों में पाकिस्तानी आतंकवादी बड़े पैमाने पर कर रहे हैं।

जांच में यह भी पता चला कि हमले में शामिल आतंकवादी फैसल वट्ट, हबीब ताहिर और हमजा अफगानी थे। जांच में पता चला कि वे सभी पाकिस्तानी नागरिक थे। जबकि इलेक्ट्रॉनिक सबूत हमले को पाकिस्तान से जोड़ते हैं, एनआईए ने मास्टरमाइंड से जुड़ा एक और अहम लिंक भी स्थापित किया। हमले का मास्टरमाइंड सज्जाद जट्ट, जो लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी, द रेजिस्टेंस फ्रंट के ऑपरेशंस की देखरेख करता है, इंटेलिजेंस हलकों में एक जाना-पहचाना व्यक्ति है। वह जम्मू और कश्मीर में कई ऑपरेशंस में शामिल रहा है।

भारतीय एजेंसियों के पास उसके बारे में कई रिकॉर्ड हैं और वे उसे 2000 में जम्मू और कश्मीर में रहने के समय से जानती हैं। वह उन सालों में घाटी में एक्टिव था, जब तक कि वह 2005 में पाकिस्तान नहीं लौट गया। जट्ट लश्कर-ए-तैयबा का हिस्सा है, और जब संगठन ने रेजिस्टेंस फ्रंट के रूप में एक प्रॉक्सी बनाने का फैसला किया, तो उसे ऑपरेशंस की देखरेख करने के लिए कहा गया।

पहलगाम हमले के अलावा, जट्ट ने 2024 में रियासी में एक बस पर हुए हमले की भी साजिश रची थी, जिसमें नौ तीर्थयात्री मारे गए थे। वह 2013 में श्रीनगर में भारतीय सेना के जवानों पर हुए हमले और 2002 में बडगाम में एक स्टेशन हाउस ऑफिसर की हत्या में भी शामिल था।

पूंछ में 2023 के भाटा धुरियां हमले की जांच की साजिश भी जट्ट ने ही रची थी, जिसमें पांच भारतीय सैनिक मारे गए थे। अधिकारियों का कहना है कि चार्जशीट ही पाकिस्तान के झूठ का पर्दाफाश करने के लिए काफी है।


झारखण्ड सरकार

GOVERNMENT OF JHARKHAND

## ठंड से बचाव

### सामान्य जानकारी व सलाह



यह अवश्य करें:

- जरूरत न हो तो ठंड में बाहर निकलने से बचें (विशेषकर वृद्ध एवं बच्चे)।
- पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें।
- दस्ताने, जूते, मोजे, टोपी अथवा मफलर का इस्तेमाल करें।
- आँखों को ठंड से बचाने के लिए बाहर निकलते समय चश्मे का इस्तेमाल करें।
- कमरे को गर्म रखने के लिए घर में हीटर, ब्लोअर इत्यादि का प्रयोग सावधानी व सतर्कता के साथ करें।

खाने का ध्यान रखें:

- पर्याप्त भोजन कर बाहर निकलें।
- यथासंभव गर्म एवं गुनगुना पानी पीयें।
- ठंडा खाना खाने एवं ठंडा पेय पदार्थ पीने से बचें।
- उच्च कैलोरी वाले भोज्य पदार्थ का सेवन करें।

PR 368053(Food Public and Consumer Affairs)25-26

### बच्चों को ठंड से बचाव हेतु सलाह

- ठंड में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को ठंडी हवा से बचाएं एवं अधिक देर ठंड में न रहने दें।
- बच्चों के सर, गला, छाती तथा हाथ–पाँव को अच्छी तरह से ढंक कर रखें।
- बच्चों को एक के ऊपर एक गर्म कपड़े पहनायें यह उन्हें गर्म रखेगा।
- बच्चों के तापमान की जाँच करते रहें।

अत्यधिक कंपकपी, बार-बार उल्टी या मतली होने पर, सुस्ती अथवा मुर्छित होने पर तुरन्त डॉक्टर से सलाह लें

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर- 18003456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24x7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

## समाचार सार

### इटकी के 12 गांव के पड़हा राजा की कुएं में डूबने से मौत

**इटकी :** प्रखंड के झखरा कटहलटोली निवासी 12 पड़हा राजा 38 वर्षीय अमन उरांव की नारी गांव स्थित एक कुएं में डूबने से मौत हो गई है। घटना सोमवार की रात सात बजे की है। बताया जाता है कि सोमवार को इटकी के झखरा स्थल पर आदिवासियों की ह्यहड़बोड़ी रस्मह्न चल रही थी। सोमवार की शाम लगभग 4:30 बजे अमन उरांव बेड़ो के चनगनी गांव जाने की बात कहकर बाइक से निकला था लेकिन वह चनगनी नहीं जाकर अपने मामा से मिलने मोरो बोड़ेया गांव चला गया, जहां अलाव तापने के बाद वह शौच करने जा रहा था, अंधेरे में पैर फिसलने से वह कुएं में जा गिरा।

हालांकि जब तक लोग उसे कुएं से बाहर निकालते उसकी मौत हो गई। इस संबंध में अमन की पत्नी सरिता उराइन ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मंगलवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पड़हा राजा की आकस्मिक मौत से आदिवासी सरना समाज शोक में डूब गया है। परिवार और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को दिन के तीन बजे बड़ी संख्या में स्थानीय मसना में शव को मिट्टी दी गई।

### नगड़ी में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**रांची :** नगड़ी-लोधमा रोड पर एफसीआई गोदाम के पास अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। घटना मंगलवार की शाम लगभग छह बजे की है। मृतक की पहचान नगड़ी के चिपरा गांव निवासी 25 वर्षीय रोहित उरांव के रूप में हुई। वह कतरपा स्थित बिस्कुट फैक्ट्री में काम काम कर बाइक से घर लौट रहा था। सूचना मिलते ही नगड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। नगड़ी थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि पुलिस फरार ट्रक चालक का पता लगाने में जुटी है।

### एबीवीपी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ मौसमी व श्रीप्रकाश मंत्री बने

**रांची :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश मंत्री का निर्वाचन मंगलवार को रांची में पूरा हो गया। इसमें जमशेदपुर के लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ मौसमी पॉल प्रदेश अध्यक्ष पद पर पुनर्निर्वाचित हुईं। वहीं, खूंटी निवासी श्रीप्रकाश टूटी प्रदेश मंत्री चुने गए। वह खूंटी के बिरसा कॉलेज में नागपुरी भाषा से स्नातकोत्तर में अध्ययरत हैं। निर्वाचन अधिकारी डॉ विनोद एक्का ने परिणाम घोषित करते हुए बताया कि दोनों पदाधिकारी गढ़वा में 26 से 28 दिसंबर तक होने वाले 26वें प्रदेश अधिवेशन में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### कांटाटोली में विवाहिता की संदेहास्पद मौत, पति गिरफ्तार

**रांची :** रांची की कांटाटोली रमजान कॉलोनी की रहने वाली नवविवाहिता सबजीन की संदिग्ध परिस्थिति में मौत सोमवार की रात के आठ बजे हो गयी। 21 वर्षीय सजबीन परवीन का शव रमजान कॉलोनी स्थित ससुराल में फंदे से लटका मिला। विवाहिता के मायके वालों ने पति नाजिश समेत ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। छह माह पहले सबजीन की शादी रमजान कॉलोनी के नाजिश से हुई थी। मौत की खबर मिलने के बाद परिजन अरवल से रांची पहुंचे। ससुराल वालों पर सबजीन की हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। तोड़फोड़ भी की। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रणविजय शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। मायके वालों का आरोप है कि उनकी बेटी को ससुराल में प्रताड़ित किया जा रहा था।

### सल्फ्यूरिक एसिड देने का झांसा देकर कर्मी से 3.42 लाख की ठगी

**रांची :** रांची के धुर्वा स्थित वर्धन रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के कर्मी योगेंद्र सिंह को सल्फ्यूरिक एसिड उपलब्ध कराने का झांसा देकर उनसे 3.42 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। योगेंद्र सिंह ने साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। योगेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि 25 नवंबर को उन्हें धारा केमिकल्स कंपनी से फोन किया गया। खुद को धारा कंपनी का अधिकारी बताया और सल्फ्यूरिक एसिड उपलब्ध कराने की बात हुई। इस एवज में योगेंद्र ने कंपनी के खाते में 3.42 लाख रुपए ट्रांसफर किया। राशि लेने के बाद उनसे कहा गया कि दो दिन के भीतर ऑर्डर पहुंच जाएगा। तीन दिसंबर को बातचीत करने पर आरोपियों ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया।

### रेलवे ग्रुप डी में बहनोई के बदले परीक्षा देने पहुंचा युवक गिरफ्तार

**रांची :** नामकुम थाना क्षेत्र के चुटिया में मंगलवार को रेलवे ग्रुप डी की भर्ती परीक्षा के दौरान फजीर्वाड़ा का खुलासा हुआ है। पुलिस ने अपने बहनोई की जगह परीक्षा देने पहुंचे लालू कुमार उर्फ अनीश को गिरफ्तार कर लिया। थानेदार मनोज कुमार ने बताया कि चुटिया प्रगति पथ स्थित अरुणिमा टेक्निकल सर्विसेज परीक्षा केंद्र से लालू को पकड़ा गया। लालू गयाजी जिले के फतेहपुर, टनकुप्पा का निवासी है। वह अपने मौसेरे जीजा जवाहर कुमार के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचा था। केंद्र के केंद्राधीक्षक रविशंकर सिंह के अनुसार, असली परीक्षार्थी जवाहर कुमार के पैन कार्ड और आधार कार्ड पर लालू कुमार ने अपनी तस्वीर चिपका रखी थी। हालांकि, बायोमीट्रिक रजिस्ट्रेशन के समय जब फोटो और अंगूठे के निशान का मिलान किया गया तो उसकी तस्वीर मेल नहीं खाई। संदेह होने पर कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसके बाद उसने बहनोई की परीक्षा देने की बात स्वीकार कर ली। केंद्राधीक्षक के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पकड़े गए सॉल्वर को जेल भेज दिया जाएगा।

### हटिया में निगम की संपत्ति पर से अवैध कब्जा हटेगा

**रांची :** रांची नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने टीम के साथ मंगलवार को शहर के हटिया और हिंदपीढ़ी इलाके में निगम की जमीन और अन्य संपत्तियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान हटिया में निगम की संपत्ति पर अवैध कब्जा पाया गया। प्रशासक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आसपास की भूमि की मापी के साथ अनाधिकृत कब्जा हटाने का निर्देश दिया। हिंदपीढ़ी में स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए तैयार कम्यूनिटी हॉल का निरीक्षण उन्होंने किया। हॉल में अपेक्षित सुधार और मरम्मत का काम जल्द शुरू करने को कहा। प्रशासक ने कहा कि निगम की जमीन की मापी के बाद जन कल्याणकारी योजना को लेकर प्रस्ताव तैयार होगा। इससे रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। निरीक्षण दल में उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, निकेश कुमार समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

### इटकी अंचल में आपदा पीड़ितों के बीच मुआवजे बांटे गए

**इटकी :** इटकी अंचल कार्यालय में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित कर प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के बीच क्षतिपूर्ति को लेकर कुल 4,26,500 रुपए के चेक बांटे गए। सौका गांव निवासी बिरसा उरांव की 13 मई को ठनका गिरने से मौत हो गई थी। उनकी पत्नी लालो देवी को आपदा के तहत चार लाख की मुआवजा राशि का चेक दिया गया। वहीं ठनका से आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए गृह स्वामी अरुण मिंज, निखत परवीन, मकबूल अंसारी, यासीन खातून, और रवि उरांव को प्रत्येक को ?4,000 रुपये मुआवजा दिया गया, जबकि श्रीमती देवी को ?6,500 रुपये की मुआवजा राशि का चेक बांटा गया। मौके पर सीओ मो अनीश, उप प्रमुख परवेज राजा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली आदि मौजूद थे।

# सेवा की गारंटी अधिनियम से संबंधित लगाए सूचना पट्ट : सभापति

संवाददाता

**देवघर :** झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति के सभापति सह विधायक सरयू राय की अध्यक्षता में मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर(दिलीप बाबू )उपस्थित थे। आगे बैठक की शुरूआत में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने सभापति सह विधायक सरयू राय एवं सदस्य सह जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर (दिलीप बाबू) का स्वागत किया।

इसके अलावा समीक्षा बैठक के दौरान झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त समिति ने विभिन्न विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर उनके विभाग में सेवा का गारंटी अधिनियम 2011 और सूचना का अधिकार अधिनियम के बारे में समग्रता से जानकारी प्राप्त करते अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। आगे सभापति श्री राय द्वारा यह निर्देशित किया गया कि सभी कार्यालय परिसर में सेवा का गारंटी अधिनियम से संबंधित सूचना पट्ट लगाया जाना अनिवार्य किया जाए। साथ ही सूचना का अधिकार अधिनियम के संदर्भ में उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति को सही सूचना ससमय उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा साफ-सफाई, पेयजलापूर्ति, कचड़ा उठाव व निष्पादन को लेकर किए जा रहे कार्यों से अवगत हुए। आगे समीक्षा क्रम में उन्होंने वन अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी डीएफओ कार्यालय के अधिकारियों से लिया। साथ ही वन क्षेत्रों को जियो फैंसिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत के सभी पेंशन योजना, सभी विद्यालय महाविद्यालय में छात्रवृत्ति के अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन से सदर अस्पताल की व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा और पोस्टमार्टम की अवधि के बारे में जानकारी लिया गया। आगे जाति प्रमाण पत्र आवासीय प्रमाण पत्र के स्थिति के बारे में जानकारी ली गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही परिवहन विभाग के संबंध में उनका स्पष्ट निर्देश रहा की निर्बंधित ड्राइविंग लाइसेंस के साथ-साथ वाहन परिचालन सड़क सुरक्षा, गुड सेमेरिटन पॉलिसी आदि के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि विभाग ,श्रम नियोजन विभाग द्वारा संचालित आम जनता से जुड़े मुद्दे को समय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।



बैठक में उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, निदेशक, अनुमंडल पदाधिकारी, मधुपुर, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, जि.ग्रा.वि.अभि, सिविल सर्जन, जिला स्थापना उप समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, जिला अवर निबंधक, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला भू संरक्षण पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी,

सहायक श्रमायुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी, मधुपुर नगर परिषद, महा प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, जिला कार्यपालक पदाधिकारी, राष्ट्रीय बचत, श्रम अधीक्षक, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला कौशल विकास पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, देवघर/मधुपुर, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी, डीएमएफटी की टीम के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# खूंटी में छात्रवृत्ति को लेकर विरोध प्रदर्शन



संवाददाता

**खूंटी:** पिछले दो वर्षों से लंबित ई-कल्याण छात्रवृत्ति के भुगतान के विरोध में आज खूंटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ( के बैनर तले सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने ऐतिहासिक विरोध मार्च निकाला। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि अब छात्र अपने अधिकारों के प्रति चुप नहीं बैठेंगे।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अइश्ढ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश टुटी ने कहा, यह आंदोलन केवल राशि का नहीं, बल्कि झारखंड के विद्यार्थियों के भविष्य और आत्मसम्मान का आंदोलन है। छात्रवृत्ति कोई उपकार या अनुदान नहीं, बल्कि संविधान से मिला हमारा अधिकार है। केंद्र-राज्य के बीच के बहानों से विद्यार्थियों को दो साल से वंचित रखना घोर अन्याय है।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हीरांजली हेमरॉम ने बताया, ₹इसका सबसे गहरा असर छात्राओं पर पड़ा है। कई आदिवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्राएं आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई छोड़ने के कगार पर हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आदिवासी हितों से जुड़े राज्य में इन छात्राओं को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। जिला संयोजक पवन कुमार ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा, राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह केंद्र-राज्य के वित्तीय विवाद से ऊपर उठकर पहले अपने विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराए। छात्रों को फाइल प्रक्रिया का शिकार नहीं बनाया जा सकता।₹ छात्र नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इस मुद्दे पर ठोस पहल नहीं की गई, तो यह आंदोलन पूरे राज्य और फिर राष्ट्रीय स्तर तक विस्तारित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल आर्थिक सहायता की नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, समान अवसर और शिक्षा के अधिकार की लड़ाई है। आंदोलन में छात्राओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। ₹छात्रवृत्ति कोई दया नहीं, यह हमारा अधिकार है₹ के नारे के साथ इस विरोध प्रदर्शन ने संदेश दिया कि झारखंड का छात्र समाज अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अब पूरी तरह जाग चुका है और संगठित होकर अपनी मांगों पर अड़ा रहेगा।

# विश्व हिन्दू परिषद की मासिक जिला बैठक संपन्न, आगामी योजनाओं पर हुई चर्चा

संवाददाता

**खूंटी :** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल की मासिक जिला बैठक मंगलवार को पिपरा टोली स्थित राम मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में पिछले एक माह के कार्यों की समीक्षा और आने वाले समय की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनोद जयसवाल ने की। जिला मंत्री राजीव झा ने विगत गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए आगामी माह की कार्यसूची पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर वार्षिक 'धर्म रक्षा निधि संग्रह' अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला अध्यक्ष विनोद जयसवाल ने इस निधि में प्रथम समर्पण करके अभियान की शुरूआत की। बताया गया कि यह निधि संगठन द्वारा वर्ष भर आयोजित होने वाले सनातनी कार्यक्रमों को भव्यता व सफलतापूर्वक संपन्न कराने के



उद्देश्य से एकत्र की जाती है। बैठक में आगामी प्रांत कार्यसमिति बैठक (26-28 दिसंबर,) में जिले की सहभागिता पर भी चर्चा हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री राजीव झा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष विनोद जयसवाल ने दिया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, शिवराज सिंह, जिला संगठन मंत्री उमेश मांझी, जिला सहमंत्री एम.पी. सिंह, कोषाध्यक्ष प्रवीण जयसवाल, जिला सहसंयोजक मनीष कुमार, जिला मातृशक्ति प्रमुख श्रीमती चंदिका देवी एवं नगर उपाध्यक्ष संजय गुप्ता उपस्थित थे।

### एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 के पदक विजेता झोंगो पहान का भव्य स्वागत

**रांची :** दुबई में आयोजित एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में युगल स्पर्धा में स्वर्ण और व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीतकर लौटे तीरंदाज झोंगो पहान का उनके गांव शिल्दा में शानदार स्वागत किया गया। यह पहला मौका है जब इस गांव के किसी दिव्यांग खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। पूरा गांव झोंगो पहान के स्वागत के लिए एकजुट हो गया। ढोल, मांदर और नगाड़ों की थाप पर महिलाएं, युवा और बुजुर्ग एक साथ नाचते हुए नजर आए। ग्रामीणों ने खुले वाहन में फूल बरसाते हुए खूंटी सड़क मार्ग से शिल्दा गांव तक विजेता का जुलूस निकाला। ₹झोंगो पहान जिंदाबाद₹ के नारों से गूंजते गांव में युवा बाइक और स्कूटी पर तिरंगा लहराते हुए काफिले के साथ चले। पारंपरिक सखुआ पत्तल में विजेता को सम्मानपूर्वक स्वागत मंच तक लाया गया। शिल्दा और फूदी पंचायत के ग्रामीणों ने झोंगो पहान को फूलमाला, बुके, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूरा गांव उपस्थित था, जहां बड़े-बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक सभी ने अपने होनहार खिलाड़ी का अभिनंदन किया। स्वर्ण पदक विजेता झोंगो पहान ने कहा, ₹आप सभी को धन्यवाद जो सुबह से मेरे स्वागत में इंतजार कर रहे थे। मुझे हमेशा हवाई जहाज में यात्रा करने का मन था, और तीरंदाजी में बेहतर निशाने की बदौलत मुझे यह मौका मिला। उन्होंने आगे कहा, ₹जब राष्ट्रीय स्तर पर पदक मिला था, तब शायद कम लोग मुझे जानते थे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक जीतने के बाद पूरे देश में पहचान बनी है। इस कार्यक्रम में झोंगो पहान, उनके माता-पिता, स्कूल शिक्षक, कोच दानिश अंसारी, कोच आशीष कुमार, सांसद प्रतिनिधि नईमुद्दीन खान, सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप मिश्रा, पड़हा राजा सोमा मुंडा, मुखिया अनिमा कच्छप, महादेव पहान, शिल्दा के ग्रामप्रधान बन्धु मुंडा, वार्ड सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता यासीन अंसारी के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय जेवियर उत्सव का हुआ शुभारम्भ

**रांची :** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में पूरे पांच साल बाद तीन दिवसीय जेवियर उत्सव 2025 अन्स्तासिस (ग्लोरी इन रिवाइवल) शानदार आगाज के साथ मंगलवार को शुरू हुओ 15,16,17 दिसंबर तक चलने वाले इस उत्सव का आयोजन संस्थान के 81 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. फादर निकोलस टेटे, एसजे, विशिष्ट अतिथि डॉ. फादर सुधीर मिंज, एसजे व प्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुरूआत कियो कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि फादर टेटे का स्वागत कर और शास्त्रीय नृत्य स्वागतम की प्रस्तुति से हुई तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन में भिन्न भिन्न प्रकार के सांस्कृतिक नृत्य, संगीत, आदिवासी नृत्य और कई प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे ने अपने सम्बोधन में सबकी उत्साह को बढ़ाते हुए कहा कि जेवियर उत्सव प्रतिभाओं को पहचान देने का सफल मंच है। उत्सवी रंग के साथ-साथ विद्यार्थी अपने लक्ष्य को हमेशा याद रखें और जेवियर्स की पहचान को आगे बढ़ाते रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ फादर सुधीर मिंज एसजे ने छात्रों से कहा कि कॉलेज के आपको जो अवसर प्रदान कर रहा है इसका भरपूर लाभ उठाएं और अपनी छुपी हुई प्रतिभा को निखारें उजागर करें साथ ही साथ एक दूसरे का आदर करें और कॉलेज का नाम रोशन करते रहे। मुख्य अतिथि डॉ फादर निकोलस टेटे एसजे ने कहा कि जेवियर्स की पहचान यहां की अनेकता में एकता से है। यह कार्यक्रम बेहतर टीमवर्क का प्रतीक है। टीमवर्क ही कॉलेज को अलग पहचान देती है तीन दिनों का यह कार्यक्रम के लिए शुभकामना सन्देश दियो तत्पश्चात कॉलेज में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, कार्टून मेकिंग, मेहंदी आर्ट, क्रिएटिव राइटिंग, पेंट माई टी, वाद-विवाद प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों से उमंग, उत्साह और रचनात्मकता का वातावरण देखने को मिलो संगीत प्रतियोगिता श्डअ के दौरान छात्रों ने बॉलीवुड गीतों, सूफी, गजल जैसे संगीतों की भव्य प्रस्तुति दी और श्रोताओं को झुमायो निर्णायक मंडली से मोनिका मुण्डू व रोहन पाठक निभाते हुए 6 प्रतिभागियों में से प्रथम स्थान उदित जैन और दूसरा स्थान सक्षम को दिया। इसके पश्चात सोलो डांस प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता हुए। मंच का सञ्चालन डॉ. कैप्टेन प्रिया श्रीवास्तव व प्रो. शुभम कुजूर ने कियो उत्सव में कॉलेज परिसर में प्रायोजकों द्वारा 20 स्टाल लगाये गए थे जिसमें कैटेलिस्ट आइएएस, टाटा मोटर्स, विवो जैसे कंपनी आकर्षण का केंद्र बने पहले दिन का समापन शाम ए गजल के आयजन के साथ हुआ, जिसमें रोहनदेव पाठक और उज्जवल रॉय ने शानदार प्रस्तुति दी कार्यक्रम में डॉ फादर निकोलस टेटे एसजे, रेक्टर डॉ फादर सुधीर मिंज एसजे, प्राचार्य डॉ फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे, उप प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज एसजे, फेस्ट संयोजक डॉ. जॉय चौधरी, डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, डॉ फादर संजय केर-केट्टा, एसजे, डॉ फादर रवि हेमंत कुजूर एसजे, डॉ. संजय सिन्हा, डॉ. शिव कुमार तथा अन्य अतिथि गण और महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, शिक्षेत्करकर्मी व बड़ी संख्या में छात्र शामिल थे।

# कुष्ठ रोग को लेकर समाज में फैली भ्रांति और भेदभाव को खत्म करना जरूरी : शशि प्रकाश



संवाददाता

**रांची :** मंगलवार को कुष्ठ रोग सहित त्वचा जनित उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोगों और दिव्यांगजन समावेशन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम अंटील लेप्रसी इंडस अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य कुष्ठ रोग के प्रति सामाजिक जागरूकता बढ़ाना और इसके उन्मूलन की दिशा में प्रयासों को तेज करना है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के मिशन निदेशक शशि प्रकाश झा शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग के खिलाफ राज्य में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस बीमारी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों और भेदभाव को समाप्त करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति को समाज से अलग करने के बजाय समय पर पहचान और इलाज के जरिए सामान्य जीवन में लौटाया जा सकता है।

कार्यक्रम में बताया गया कि कुष्ठ रोग माइक्रोबैक्टीरियम लेप्रे जीवाणु के कारण होने वाली एक पुरानी संक्रामक बीमारी है, जो मुख्य रूप से त्वचा और नसों को प्रभावित करती है। समय पर उपचार नहीं मिलने पर यह दिव्यांगता का कारण बन सकती है। विशेषज्ञों ने कहा कि शुरूआती पहचान और नियमित इलाज से इस रोग को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

बैठक में राज्य सरकार, विश्व स्वास्थ्य संगठन, एनजीओ और अन्य सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। चर्चा के दौरान कुष्ठ और लिम्फैटिक फाइलेरियासिस उन्मूलन, दिव्यांगजन देखभाल, पुनर्वास और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि जागरूकता अभियान, सामुदायिक भागीदारी और मीडिया सहयोग से कुष्ठ रोग के प्रति कलंक को कम किया जा सकता है।

# रांची जिला के अंचलों में जनता दरबार का आयोजन

**संवाददाता**

305

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निदेर्शानुसार प्रत्येक मंगलवार को रांची जिला के सभी अंचलों में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। जनता दरबार का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा एवं प्रमाण-पत्र से संबंधित विभिन्न मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

सोनाहातू अंचल में ग्राम बारेंदा के आवेदक संतोष कुमार साहू के भूमि संबंधी पंजी-2 में सुधार करते हुए लगान रसीद निर्गत किया गया। वहीं ग्राम डिबाडीह की शुकरु देवी एवं ग्राम ठंगरुडीह के राधा कृष्ण महतो को पारिवारिक प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया।

मांडर प्रखंड में आयोजित जनता दरबार के दौरान ग्राम झिंझरी के सुनील टोप्पो के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दिव्यांग पेंशन का स्वीकृति प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया। ग्राम हातमा की किशोनती देवी को वृद्धा पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई। ग्राम चटवल निवासी जुनैद अंसारी को जाति प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया, जबकि मांडर अंचल अंतर्गत सरवा पंचायत के आवेदक विश्वेश्वर उरांव के भूमि संबंधी प्लॉट में सुधार किया गया।

सिल्ली अंचल में नागेडीह की सुषमा कुमारी को आय प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया। ग्राम लोदमु के मृतक के आश्रित केस्वा देवी को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर चार लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त



सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के आश्रित सविता देवी को एक लाख रुपये की मुआवजा राशि उपलब्ध कराई गई। अनगड़ा अंचल में नारायण सोसो, जगदीश कुम्हार, रीना कुमारी, सोहराई गंझू, ठाकुर दास महतो, जयप्रकाश साहू एवं दिलमनी देवी के भूमि संबंधी पंजी-2 में सुधार किया गया। ग्राम चिलदाग के चमरु महतो के उत्तराधिकारी हेतु नामांतरण करते हुए शुद्धि-पत्र निर्गत किया गया। वहीं ग्राम टाटी की उर्मिला देवी को तत्काल आय प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया गया। बेड़ो अंचल में ग्राम पांडेपारा निवासी अमित उरांव द्वारा स्कॉलरशिप फॉर्म भरने हेतु जाति एवं आवासीय प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन दिया गया था। जनता दरबार में ही आवेदक को जाति एवं आवासीय प्रमाण-पत्र निर्गत कर दिया गया। इसके अतिरिक्त ईटकी अंचल में जाति, आवासीय, आय, आचरण, पारिवारिक सदस्यता, केसीसी प्रमाण-पत्र, राजस्व एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित कुल 58, सिल्ली में 57, अरगोड़ा में 70 तथा नगड़ी में 93, चान्हो में 118 आवेदनों का निष्पादन किया गया। अन्य अंचलों में भी सैकड़ों आवेदनों का समाधान जनता दरबार के माध्यम से सुनिश्चित किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने स्पष्ट किया है कि जनता दरबार प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी मंच है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें सरकारी सेवाओं का लाभ सहज रूप से प्राप्त हो सके।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा वार्ड 19 के सचिव बने दौलत कुमार साहू



**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर द्वारा वार्ड नंबर 19 का गठन किया गया जिसमें संयोजक मंडली में पवन जटिया रामशरण विश्वकर्मा अंतू तरीके विक्रम सिंह लखपति कुमार साहू मंडली के उन सदस्य उपस्थित है वार्ड नंबर 19 के गठन के लिए अध्यक्ष पद पर ज्योति हेंब्रम को बनाया गया सचिव पद को दौलत कुमार साहू को बनाया गया निर्देश दिया गया 15 दिन के अंदर में कमेटी गठन करके अध्यक्ष सचिव संयोजक मंडली को सौंपेंगे लखपति कुमार साहू ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के सच्चा सिपाही बनकर हम सभी को कम करना है क्योंकि रांची नगर निगम चुनाव में डिप्टी मेयर पद पर प्रत्याशी में खुद हूं सभी का सहयोग से इस बार रांची के सब चुनाव जीतना है 53 वाट का गठन लगभग लगभग हो चुका है बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित राधा हेंब्रमअजय साहू लालू वर्मा विजय साहू कुसुम देवी राजा संतोष साहू राज तिर्की।

## निरामया अस्पताल की नई कार्यकारिणी गठित

**रांची :** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने अपनी अनुषंगी इकाई निरामया अस्पताल कोकर, की नई कार्यकारिणी का गठन किया है। पूर्व जिलापाल लॉयन राजेश गुप्ता पवन को चेयरमैन एवं पूर्व अध्यक्ष लायन संजय पोद्दार को मानद सचिव नियुक्त किया गया है। मनोज नरेडी अस्पताल के उपाध्यक्ष होंगे एवं लायन नरेश कुमार अस्पताल के कोषाध्यक्ष होंगे। लायन दिवाकर राजगढ़ीया उप सचिव एवं लायन राम कृष्णा पीआरओ नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही अस्पताल के लिए 15 सदस्यों की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया है जिसमें पूर्व जिला पाल लॉयन राजीव लोचन एवं लॉयन कमल जैन सहित ला कुमुद झा, वसीम आलम ,प्रदीप जैन ,आनंद पसारी ,सुनील माथुर,अशोक अग्रवाल ,गुलशन वाधवा ,कृष्णा गोपालका , मुकेश पाण्डेय ,अजीत कुमार गुप्ता ,संतोष अग्रवाल ,राम बालक वर्मा एवं विनोद कुमार सिंह का मनोनयन किया गया है। क्लब के अध्यक्ष लायन भारतेंदु झा, सचिव अमित कुमार कोषाध्यक्ष श्रीमती अंजना गट्टानी पदेन सदस्य होंगी।

ज्ञातव्य हो कि निरामय अस्पताल, कोकर एवं इसके आस पास के निवासियों के लिए चिकित्सा उपलब्ध कराती है। साथ ही क्लब के द्वारा रांची एवं आस पास के सुदूर क्षेत्रों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाकर मोतियाबिंद के मरीजों को इस अस्पताल में लाकर निः शुल्क ऑपरेशन किया जाता है एवं चश्मा दवाइयों के साथ वापस गंतव्य तक पहुँचाने की व्यवस्था की जाती है। क्लब के अध्यक्ष लायन भारतेंदु झा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी है साथ ही अच्छी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का आह्वान किया है।

# खेल से ही समग्र विकास संभव : देवेंद्र नाथ महतो

**संवाददाता**

**मुरी :** जन कल्याण युवा विकास क्लब मारांगकिरी चरकुडीह सोनाहातु द्वारा अगहन संक्रांति के अवसर पर 42 वां विराट एकदिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता एवं मुर्गा लड़ाई कार्यक्रम संपन्न हुआ। पाँच परगना क्षेत्र का इस प्रसिद्ध प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल टूनार्मेंट विजेता टीम बुंडू टाइगर को 1,11,111 रुपए तथा उप विजेता रामनगर एफसी टीम को 81,111 रुपए तथा जेएफएफसी टीम एवं सुरथी स्पोटिंग टीम को तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार 37,111 रुपये पुरस्कृत किया गया। साथ ही एक - एक ट्रॉफी दी गई एवं सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को चांदी का चैन से सम्मानित किया गया।

मौके पर अतिथि के रूप में उपस्थित देवेन्द्र नाथ महतो ने



कहा कि आज के युवाओं को ऑनलाइन गेमिंग दुनिया से फिजिकली गेमिंग दुनियां में लौटना होगा।

फिजिकली खेलकूद से मनुष्य का समग्र विकास होता है। शारीरिक एवं मानसिक रूप से मनुष्य मजबूत होते हैं। खेल का मैदान से मनुष्य अनुशासन और टीम वर्क के साथ कार्य लक्ष्य प्राप्ति करने का सबसे बेहतर तरीके से सीखते हैं। अगहन संक्रांति के अवसर पर यह कार्यक्रम का विशेष महत्व है , अगहन संक्रांति के अवसर पर किसान फसल कटाई कर बड़ी धूमधाम के साथ टुसू का स्थापना करते हैं जो एक महीना तक बड़ी धूमधाम के साथ टुसू पर्व मनाया जाता है। अतिथि के रूप में शामिल वेदांत कौस्तव ने कहा कि पांच परगना क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा अपार है उचित मंच की आवश्यकता है, साथ ही खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जेएलकेएम केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो झारखंड थ्रोबल एसोसिएशन के अध्यक्ष वेदांत कास्तोव, सुभद्रा देवी मुखिया बारेंदा पंचायत, निमाई राय पूर्व उपमुख्य बारेंदा, विश्वनाथ महतो पूर्व उपप्रमुख सोनाहातु , हिकीम महतो पंचायत समिति बारेंदा, मनासा मुंडा ग्राम प्रधान मारांगकिरी, अशोक महतो समाजसेवी के अलावा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## हम की 51 सदस्यीय केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन



**रांची :** हमर अधिकार मंच विशुद्ध रूप से एक गैर-सरकारी, गैर-राजनीतिक, सामाजिक संस्था है, जो व्यक्ति के अधिकारों की जागरूकता पर काम करता है। संविधान से लेकर विभिन्न अधिनियमों में नागरिकों को कई प्रकार के अधिकार दिए हैं, लेकिन उसकी जानकारी की कमी और उनके प्रयोग की प्रक्रिया की जानकारी नहीं होने के कारण आम लोग उन अधिकारों को सही तरीके से लागू नहीं करवा पाते हैं, जबकि सरकार ने तो कई अधिकारों के लिए छोटे-छोटे अधिनियम भी बनाए हैं और क्वासी ज्यूडिशल बॉडीज के रूप में विभिन्न आयोग/फोरम/बोर्ड की स्थापना की है, जहां कोई भी नागरिक बिना किसी वकील के अधिकारों का उल्लंघन होने पर अपने मामले में न्याय प्राप्त करने के लिए कम खर्च पर शिकायतवाद प्रस्तुत कर सकता है।

इस पर काम करने हेतु हमर अधिकार मंच का गठन किया है, जिसके तहत झारखंड के विभिन्न जिलों से 51 सदस्यीय केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है। अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला, उपाध्यक्ष रेणुका तिवारी, प्रिय ब्रत प्रसाद, राजकुमार, मार्शल बारला, पवन कुमार केशरी, नवल किशोर लाल, संतोष मृदुला, मीना कुमारी, प्रदीप राणा को बनाया गया है।

## धनुर्मास महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**रांची :** दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में 16 दिसंबर 2025 से 14 जनवरी 2026 तक पूरे एक माह तिरूप्पावै- श्रीगोदा - धनुर्मास का व्रत मनाया जाएगा। इस व्रत को उत्सव के रूप में बड़े ही नेम -निष्ठा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। श्रीभगवान की प्राप्ति का मार्ग यह धनुर्मास का व्रत मंगलवार से शुरू हो चुका है । इस व्रत को श्रीलक्ष्मी की अवतारिका श्रीआण्डाल (गोदाम्बा देवी) ने भगवान वटपत्रशायी को पति रूप में प्राप्त करने को किया।

व्रत के शुभारम्भ के दिन मंगलवार को भगवान श्रीवेंकटेश को दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, गंगाजल आदि से महाभिषेक कराया गया। भगवान और गोदांबा देवी को नए पोंशाक धारण कराए गए एवं सद्भूषणों से अलंकार समर्पण करके महाआरती के बाद पोंगल,चटनी, खीर,फल और मेवा का बालभोग निवेदन हुआ और मंदिर रसोई में पुजारियों द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक औषधि का पान कराया। फिर तिरूप्पावै प्रबंधम,गोदास्तुति ,गोदा प्रपत्ति और मंगलाशासन के बाद भांति-भांति स्तोत्रमालाओं से स्तवन किया गया। आज महाभिषेक के यजमान आशीष अग्रवाल धर्मपत्नी अश्विका अग्रवाल रांची निवासी हुए ।

अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास अनुष्ठान को विधि से संपन्न कराया। मौके पर राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल, प्रदीप नरसरिया, रंजन सिंह, सुशील लोहिया, प्रभाष मित्तल, शम्भुनाथ पोद्दार आदि उपस्थित थे।

## कला एवं संस्कृति उप समिति की हुई बैठक

**रांची :** चैंबर भवन में स्वच्छ भारत एवं पौधरोपण तथा फिल्म, कला एवं संस्कृति उप समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई तथा वर्तमान स्वच्छता व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की गई। उप समिति चेयरमैन किशन अग्रवाल ने शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं हरा-भरा बनाए रखने के लिए उप समिति द्वारा निरंतर पौधरोपण अभियान को गति देने की बात कही। संयुक्त बैठक में फिल्म, कला एवं संस्कृति से संबंधित विषयों पर भी विमर्श किया गया। उप समिति के चेयरमैन आनंद जालान ने कहा कि फिल्म लापता लेडीज के लिए बेस्ट कॉस्ट्यूम श्रेणी में फिल्म फेयर अवार्ड प्राप्त करने वाले दर्शन जालान को चैंबर द्वारा सम्मानित किया जाएगा। बैठक में चैंबर के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उप समिति चेयरमैन किशन अग्रवाल, आनंद जालान, सदस्य प्रमोद सारस्वत, सुभासिष चटर्जी, दुर्गा तिवारी, गिरजा शंकर पेडिवाल, स्वप्ना चटर्जी सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।

## रोटरी डिस्ट्रिक्ट का तीन दिवसीय डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस समागम 19 से

**रांची :** रोटरी क्लब रांची के तत्वावधान में 19-21 दिसंबर तक तीन दिवसीय रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के कॉन्फ्रेंस ह्लसमागमह्व का भव्य आयोजन किया जाएगा। रांची क्लब परिसर में होनेवाले इस डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में रोटरी झारखंड-बिहार के 125 क्लब के 1500 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। असिस्टेंट गवर्नर रोटरी इमेज प्रवीण राजगढ़िया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस कॉन्फ्रेंस के लिए पिछले एक वर्ष से रांची के सभी रोटेरियन जोर शोर से लगे है । इस डिस्ट्रिक्ट कॉन्फेंस में बतौर मुख्य अतिथि पास्ट रोटरी इंटरनेशनल प्रेसिडेंट शेखर मेहता, विशिष्ट अतिथि निलेन्दु कुमार सिंह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सीसीएल, रोटरी इंटरनेशनल प्रसिडेंट रिप्रजेंटेटिव रवि रमन, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश जी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ, जय कुमार रावल, केबिनेट मंत्री महाराष्ट्र सरकार उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कांफ्रेंस को पास्ट रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर कमल सांघवी, फाउंडेशन चेयरमैन महेश कोडबागी, रोहित सिंह वरिष्ठ आईएएस मध्यप्रदेश, प्रसिद्ध अभिनेत्री सुधा चंद्रन, साईबर एक्सपर्ट महिमा भालोटिया के साथ ही ग्लैक्सी ऑफ पास्ट गवर्नर भी संबोधित करेंगे।

## रांची जिला हिंदी साहित्य भारती की हुई बैठक

**रांची :** उड़ान आईएएस एकेडमी में हिंदी साहित्य भारती की रांची इकाई की बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती के केंद्रीय महामंत्री रामनिवास शुक्ल और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ वासुदेव प्रसाद उपस्थित थे। श्री शुक्ल ने संस्था के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए कहा कि संस्था के सदस्यों की संख्या में वृद्धि के लिए प्रयास किया जाए। साथ ही विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का चयन किया जाए। उन्होंने हिंदी साहित्य भारती द्वारा संगोष्ठी, कवि सम्मेलन, महापुरुषों एवं साहित्यकारों की जयंती तथा अन्य रचनात्मक व सामाजिक कार्यों को कराने पर जोर दिया। डॉ बासुदेव प्रसाद ने हिंदी साहित्य भारती द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए रांची जिला हिंदी साहित्य भारती के अध्यक्ष बलराम पाठक ने कहा हिंदी साहित्य भारती की रांची इकाई की बैठक मासिक होगी। एवं संगठन को मजबूत एवं विस्तार करने के लिए वृहद स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, तथा सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर हर संभव प्रयास करेंगे। हिंदी साहित्य भारती के कार्यक्रम महाविद्यालयों के हिंदी विभाग में आयोजित किया जाएगा। ताकि विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए। बैठक में ममता मनीष सिन्हा को काव्य मंच प्रकोष्ठ प्रभारी, विशाल कुमार को शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष तथा डॉ ओमप्रकाश को शिक्षक मंच प्रभारी के रूप में चयनित किया गया। बैठक मे -जिला सचिव सुकुमार झा, कोषाध्यक्ष त्रिपुरेश्वर नाथ मिश्र, निशांत कुमार पाठक, डॉ ममता मनीष सिन्हा, डॉ ओम प्रकाश, विशाल कुमार, सहित कई सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी हिंदी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष संजय सर्राफ ने दी।

## डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए भीम एप की नई पहल

**रांची :** डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भीम एप ने ह्यगर्व से स्वदेशीह्न अभियान की शुरूआत की है। इसके तहत नए उपयोगकताओं को 20 या उससे अधिक के किसी भी लेन-देन पर 20 रुपये का कैशबैक दिया जा रहा है। यह अभियान भीम की स्थापना के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुरू किया गया है। इस मौके पर एनबीएसएल की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललिता नटराज ने कहा कि यह पहल नए उपयोगकताओं को डिजिटल लेन-देन से जोड़ने और सुरक्षित व सरल भुगतान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़
Email:- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण के लिए सूचना प्रारूप सं0–4

अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 84 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि उमेश गंझू पे0–मोहर गंझू ग्राम–चोरबोरा थाना–सिमरिया, जिला–चतरा (झारखण्ड) धारा– 15(C)/22(C)25/27 a/29 एन0डी0पी0एस0 एक्ट 1985 के तहत अपराध किया है और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त उमेश गंझू, मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उमेश गंझू फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामिला से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि माण्डू (कुज्जू )थाना कांड सं0–125/2024 दिनांक–04.06.2024, धारा– 15(C)/22(C)/25/27 a/29 एन0डी0पी0एस0 एक्ट 1985 अभियुक्त उमेश गंझू पे0–मोहर गंझू ग्राम–चोरबोरा थाना–सिमरिया, जिला–चतरा (झारखण्ड) से अपेक्षा की जाती है कि वह माननीय न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उतर देने के लिए (स्थान) मे व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में **तारीख –20.02.2026** को हाजिर हो।

**तिथी–01.12.2025**
(न्यायालय का मुहर)

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**रामगढ़**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उमेश गंझू पे0–मोहर गंझू ग्राम–चोरबोरा थाना–सिमरिया, जिला–चतरा (झारखण्ड) कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामगढ़ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामगढ़, झारखण्ड न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

**पुलिस अधीक्षक रामगढ़ मो0 नं0–9431706113**
**ओ0पी0 प्रभारी कुज्जू जिला–रामगढ़ मो0 नं0–6205271895**

पुलिस अधीक्षक,
रामगढ़

PR 368736 (District)25-26*D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची।

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–54/2025–26
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 22.12.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 23.12..2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 23.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Seepage repair and renovation of General Toilet and Bathroom (Left Side) & Sister Doctor Chamber toilet & Improvement of W/S, S/I, sewerage work at D-2 Gynae Ward, 4th floor RIMS Bariyatu, Ranchi under D.W.&S. Division Gonda Ranchi. | 1750632.00 | 36000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 2. | Seepage repair & renovation of General Toilet and Bathroom (Left Side) & Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at C-2 Block at 4th floor Department of Gynae RIMS Bariyatu, Ranchi under D.W.&S. Division Gonda Ranchi. | 2063878.00 | 42000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 3. | Seepage repair and renovation of Staff, Sister Dr. Cha mber toilet & General Toilet and Bathroom (Right Side) & Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at D-2 Block 4th floor Gynae Department RIMS Bariyatu, Ranchi under D.W.&S. Division Gonda Ranchi. | 2191508.00 | 44000.00 | 5000.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्तें सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR 368704 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)

### माकपा के पूर्व राज्य कमिटी सदस्य श्यामसुंदर महतो का निधन

# झारखंड राज्य किसान सभा एवं माकपा ने दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता**

**मुरी :** झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव एवं माकपा के पूर्व राज्य कमिटी सदस्य श्यामसुंदर महतो 70 वर्ष रिम्स में इलाज के दौरान रात 7 बजे निधन की खबर से बोकारो सहित झारखंड में शोक की लहर फैल गया, झारखंड राज्य किसान सभा एवं माकपा ने दिया श्रद्धांजलि।

झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कामरेड श्यामसुंदर महतो जीवंत पर्यंत किसानों के लिए अथक योद्धा की तरह संघर्षरत रहे,देश में चल रहे किसान आन्दोलन के दौरान तीन भारत बंद और दो रेल रोको आंदोलन , राजभवन किसान महापड़ाव, मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन, दिल्ली किसान - मजदूर रैली उनके उल्लेखनीय योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।1983 में किसान सभा एवं माकपा में शामिल हुए,1985 को बोकारो



जिला किसान सभा के जिला सचिव चुने गए, झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव के रूप में छोटे बड़े किसान संघर्षों का नेतृत्व किए, बोकारो लालपनिया पावर प्लांट एवं गोमिया से तुलबुल रेलवे विस्थापन के खिलाफ लंबा संघर्ष कर 65 लोगों को नौकरी दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहा,1978 में डूमरी क्षेत्र में जमीनदार के खिलाफ तीखा संघर्ष कर 122 एकड़ जमीन किसानों के बीच वितरित किये थे। गोमिया क्षेत्र में बढ़ते किसान आन्दोलन से घबराकर उनके उपर कई बार जानलेवा हमला एवं प्रताड़ना झेलना पड़ा।झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव सुरजीत सिन्हा ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कामरेड श्यामसुंदर महतो का निधन झारखंड के किसान आन्दोलन के लिए अपूर्णीय क्षति है। झारखंड राज्य किसान सभा एवं माकपा ने उनके शोक में राज्य भर में झंडा झुकाने का आव्हान किया।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## हकीकत में कितनी गहराई है नैनी झील की?

जब राजनीतिक नेतृत्व जन सरोकारों से जुड़े विषयों के प्रति उदासीन हो जाता है तो कार्यपालिका प्रयोगधर्मी हो जाती है। सरकारी अधिकारी अपने बुनियादी दायित्वों को तिलांजलि दे कर मनमर्जी करने लगते हैं। कुछ अरसा पहले सिंचाई विभाग के इंजीनियरों द्वारा विश्व विख्यात नैनी झील के जलस्तर को मापने का ब्रिटिशकालीन पैमाना बदलना और नैनी झील की वर्तमान अधिकतम गहराई को लेकर विरोधाभासी दावे इस बात की बानगी हैं। नैनी झील, नैनीताल की संजीवनी है। यहां का प्राण है। नैनीताल का संपूर्ण जीवन-चक्र नैनी झील के इर्द-गिर्द ही घूमता है। इसका अनुपम नैसर्गिक सौंदर्य देशी-विदेशी सैलानियों के आकर्षण का केंद्र है। नैनी झील यहां के बाशिंदों को रोजी- रोटी, भोजन- पानी, पहचान और आत्म सम्मान देती है। नैनी झील की सेहत और खूबसूरती से ही नैनीताल की खूबसूरती है। पर्यटन है, रोजगार है। सालाना अरबों का कारोबार है। नैनीताल का वजूद झील पर ही टिका है। नैनी झील को सुरक्षित एवं संरक्षित कर इसे दीघार्यु बनाने के प्रयत्न करने के बजाय उत्तराखंड का सिंचाई विभाग नैनी झील को लेकर निरर्थक नए प्रयोग करने पर आमादा है। कुछ महीने पहले स्थानीय अखबारों में छपी खबरों के मुताबिक सिंचाई विभाग ने झील के जल स्तर को मापने का पैमाना बदल दिया है। झील की अधिकतम गहराई को जल स्तर मापने का नया पैमाना बना दिया है। सिंचाई विभाग द्वारा बताई जा रही नैनी झील की वर्तमान में अधिकतम गहराई का आंकड़ा संदेहास्पद प्रतीत होता है। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान अंग्रेजों ने भारत में अनेक हिल स्टेशन बसाए। उसी क्रम में अंग्रेजों ने नैनीताल को भी एक सुव्यवस्थित हिल स्टेशन के रूप में बसाया और संवारा। अंग्रेजों ने इस नगर के दीर्घ जीवन के लिए यहां की खूबसूरत झील, पहाड़ियों, नालों एवं झील के जल संग्रहण क्षेत्र के लिए लिए वैज्ञानिक आधार पर व्यवस्थाएं बनाई। उन पर ईमानदारी के साथ अमल भी किया। विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ अंग्रेज अधिकारियों ने गहन अध्ययन एवं शोध के बाद नैनीताल की झील, पहाड़ियों एवं नालों की सुरक्षा के लिए सख्त नियम- कानून बनाए। अंग्रेज इंजीनियरों ने नैनी झील के प्राकृतिक जल निकास बिंदु को छोड़कर संपूर्ण झील के चारों ओर बारह फिट ऊंची दीवार बनाई। झील के प्राकृतिक निकास स्थल पर अतिरिक्त पानी की निकासी के लिए 15₹७ 30₹ के पांच निकासी गेट बनाए। अंग्रेज इंजीनियरों ने झील के प्राकृतिक निकास बिंदु के तल को शून्य जल स्तर मानते हुए इससे ऊपर के पानी को झील के जल स्तर का पैमाना माना। इस पैमाने के अनुसार झील के जल स्तर को नापने के लिए 12 फिट ऊंचा गेज लगाया गया। झील के जल स्तर की निगरानी के लिए वहां कंट्रोल रूम बनाया गया। इस कंट्रोल रूम से झील के जल स्तर की चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था की गई। अंग्रेजी शासनकाल में झील के जल स्तर का प्रति घंटे का चार्ट बनता था। साल के किस महीने और किस तारीख को झील का अधिकतम जलस्तर कितना होना चाहिए, इसके लिए बाकायदा नियम बनाए गए थे। निर्धारित सीमा से अधिक पानी होने की स्थिति में झील से अतिरिक्त पानी की निकासी कर दी जाती थी। कंट्रोल रूम झील के जल स्तर और निकासी गेटों की चौबीसों घंटे निगरानी करता था। झील के प्राकृतिक निकास के तल को शून्य जलस्तर मानते हुए पानी इससे कम हो जाने पर जल स्तर को ऋणात्मक माना जाता था। यानी शून्य से नीचे। अंग्रेजी शासनकाल में बनी यह व्यवस्था कुछ दशक पूर्व तक सुचारू रूप से चलती रही। लेकिन अब सिंचाई विभाग के प्रयोगधर्मी अभियंताओं को 'शून्य से नीचे' शब्द नहीं भा रहा है। 'शून्य से नीचे' शब्द से छूटकारा पाने की मंशा से सिंचाई विभाग के इंजीनियरों ने अर्थहीन और सतही तरीका खोज निकाला है।

अंग्रेजों ने हर साल नैनी झील की लंबाई, चौड़ाई और गहराई नापने का नियम बनाया था। झील की नाप-जोख के लिए झील की सतह पर अलग-अलग स्थानों पर बीस पिलर बनाए गए थे। तब नियमित रूप से हर साल झील की लंबाई, चौड़ाई एवं गहराई नापी जाती थी। सिंचाई विभाग ने झील की नाप-जोख के लिए झील की सतह पर पिलर होने से इनकार किया है। यह दीगर बात है कि देखरेख के अभाव में मौजूदा समय में ब्रिटिशकालीन पिलर अस्तित्वविहीन हो गए हैं, लेकिन यह सच है कि पिलर बने थे। जब झील का प्रबंधन लोक निर्माण विभाग के पास था, ने 28 व 29 दिसंबर,1998 को अंतिम बार झील की नाप-जोख अंग्रेजी शासनकाल में बने इन सांकेतिक पिलरों के आधार पर ही की थी।

2017- 18 में अज्ञात कारणों के चलते नैनी झील का प्रबंधन सिंचाई विभाग को सौंप दिया गया। गर्मियों के मौसम में आमतौर पर झील का जलस्तर शून्य से कई फिट नीचे चला जाता है। संचार माध्यमों में इस आशय की खबरें छपती हैं। कहा जा रहा है कि इस हकीकत को छिपाने के लिए सिंचाई विभाग ने ब्रिटिश शासनकाल से चले आ रहे 'शून्य' के इस पैमाने को ही बदल दिया है। सिंचाई विभाग के इंजीनियरों ने अब नैनी झील की कथित अधिकतम गहराई को झील का जलस्तर मान लिया है। सिंचाई विभाग ने झील की अधिकतम गहराई 89 फिट घोषित की है। बकौल सिंचाई विभाग भविष्य में झील के जल स्तर को मापने का नया पैमाना झील की कथित अधिकतम गहराई 89 फीट मानी जाएगी। सिंचाई विभाग ने लेक कंट्रोल रूम के नीचे ब्रिटिश शासनकाल के दौरान लगे 12 फिट के गेज/पैमाने को निकाल कर उसके स्थान पर नया गेज/ पैमाना लगा दिया है, जिसमें झील की अधिकतम गहराई 89 फीट दर्शाई गई है।

प्रश्न यह है कि सिंचाई विभाग ने झील की वर्तमान समय में अधिकतम गहराई 89 फिट कैसे आंकी? इस संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई जानकारी में सिंचाई विभाग ने 15 जुलाई, 2025 को बताया है कि सिंचाई विभाग ने वर्ष 2018 में ए.एच.ई.सी.(आईआईटी,रुड़की) एन.आई.एच, रुड़की और आई.सी.ए.आर, देहरादून ने नैनी झील का बाथीमीट्रिक सर्वे कराया था। इस सर्वे के अनुसार नैनी झील की अधिकतम गहराई 27.15 मीटर यानी 89 फीट डेढ़ इंच है। जबकि 28 व 29 दिसंबर, 1998 में लोक निर्माण विभाग ने नैनी झील की नाप-जोख की थी, तब लोक निर्माण विभाग ने झील की अधिकतम गहराई 25.80 मीटर यानी 84 फीट आठ इंच नापी थी। इन बीस सालों में झील की गहराई हैरतअंगेज तरीके से करीब साढ़े चार फीट कैसे बढ़ गई? झील की गहराई में करीब साढ़े चार फीट की यह कथित बढ़ोतरी यकीनन चौंकाने वाली है। काबिल-ए- गौर यह है कि 1998 में नैनीताल नगर में मकानों की संख्या करीब साढ़े तीन हजार के आसपास थी। 2018 तक यहां मकानों की संख्या तकरीबन दुगुनी हो गई थी। वर्तमान में यहां मकानों की संख्या 1998 के मुकाबले करीब ढाई गुनी से अधिक हो गई है। इसी अनुपात में जनसंख्या में भी वृद्धि हुई है। आज से एक सौ बरस पहले नैनी झील की अधिकतम गहराई 28.3 मीटर यानी 93 फीट आंकी गई थी। तब यहां कुल करीब साढ़े पांच सौ मकान थे और यहां की जनसंख्या ग्यारह हजार के आसपास थी। तब के मुकाबले आज यहां की आबादी छह गुना से अधिक बढ़ गई है। मकानों की संख्या में बीस गुना इजाफा हुआ है। यदि बात पिछले ढाई दशकों की ही करें तो इस कालखंड में नैनीताल नगर में हजारों नए मकान बने। जनसंख्या में बेतहाशा उछाल आया है। पर्यटकों की आमद भी बढ़ी है। पिछले ढाई दशक के कालखंड में भवन और अन्य निर्माण गतिविधियों में निकला मिट्टी- मलबा और कूड़ा-करकट का कितना हिस्सा नालों के द्वारा झील के उदर में समाया, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

# खरपतवार -आजीविका के लिए खतरा

> हर किसान पशुपालन से अतिरिक्त आय के अलावा गोबर की खाद की व्यवस्था करना चाहता है। परंपरा से पशुपालन खेती की जमीन के अलावा वन या चरागाह की जमीन पर निर्भर रहा है। किन्तु पिछले कुछ दशकों से जब से हरित क्रांति के माध्यम से विदेशी बीजों के साथ विदेशी आक्रामक खरपतवार देश में आए हैं, तब से उनका वन और चरागाह की भूमि पर फैलाव भयानक रूप ले चुका है।

**कुलभूषण उपमन्यु**

भारत आज भी मुख्यतः कृषि प्रधान देश है। देश की 48 फीसदी आबादी कृषि पर प्रत्यक्ष रूप से निर्भर है। देश की अर्थव्यवस्था में भी कृषि क्षेत्र की भागीदारी 16.61 प्रतिशत है। हालांकि कृषि जनित कच्चे माल पर कई प्रकार के उद्योग भी निर्भर हैं। खासकर कपड़ा उद्योग, खांड उद्योग, पटसन उद्योग, सारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आदि। कहा जा सकता है कि औद्योगिक उत्पादन का भी एक भाग कृषि पर निर्भर करता है। कृषि भारत में पशुपालन से जुडी है। हर किसान पशुपालन से अतिरिक्त आय के अलावा गोबर की खाद की व्यवस्था करना चाहता है। परंपरा से पशुपालन खेती की जमीन के अलावा वन या चरागाह की जमीन पर निर्भर रहा है। किन्तु पिछले कुछ दशकों से जब से हरित क्रांति के माध्यम से विदेशी बीजों के साथ विदेशी आक्रामक खरपतवार देश में आए हैं, तब से उनका वन और चरागाह की भूमि पर फैलाव भयानक रूप ले चुका है।



लैंटाना, यूपिटोरियम, पार्थेनियम गत दिनों डाउन टू अर्थ ने नेचर ससटेनेबिलिटी रिसर्च संस्थान की एक रपट प्रकाशित की है, जिसमें बहुत दिनों से चिंता का कारण बनी खरपतवार की समस्या पर वैज्ञानिक शोध की मुहर लगा दी है। इसके मुताबिक हर वर्ष भारत में 15,500 वर्ग किलोमीटर गैर कृषि क्षेत्र आक्रामक खरपतवारों की चपेट में आ रहा है, जिससे 14.40 करोड़ आबादी सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। इसके साथ कृषि भूमि और वन्यप्राणी आवास भी प्रभावित हो रहे हैं। 27.9 करोड़ पशु, और 2 लाख वर्ग किलोमीटर कृषि भूमि के छोटे किसान प्रभावित हो रहे हैं। हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर और पश्चिमी घाट के क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। 2022 तक खरपतवारों के आक्रमण से 266,954 वर्ग किलोमीटर पशु चारा क्षेत्र और 212,450 वर्ग किलोमीटर शाकाहारी वन्यप्राणी आवास और 105,725 वर्ग किलोमीटर टाइगर आवास खरपतवारों के कारण अनुउत्पादक हो चुके हैं।भारत का 2/3 प्राकृतिक क्षेत्र खरपतवारों की चपेट में आ चुका है, जिससे घुमंतू पशुपालक, घरेलू चरागाह आधारित पशुपालक और वन्यप्राणियों के लिए जरूरी घास चारा प्रजातियां नष्ट हो गई हैं। इन संसाधनों पर निर्भर समुदाय आजीविका के संकट में आ गए हैं और कई बार विस्थापन के लिए मजबूर हो रहे हैं। एक आकलन के अनुसार 1960 से 2020 तक 8 लाख,30 हजार करोड़ की हानि अर्थव्यवस्था को पंहुची है। जैव विविधता का जो विनाश खरपतवारों के कारण हुआ है, उसके कई प्रत्यक्ष नुकसान के अलावा अप्रत्यक्ष भी की हानि हुई है। वन्यप्राणी और मानव संघर्ष के बढ़ने से जनधन की हानि हो रही है। खासकर किसान ही इसका डंक झेल रहे हैं। हाथी, बंदर, सूअर,नीलगाय, और मांसाहारी शेर-चीता आदि भी वनों में भोजन न मिलने के कारण गांव या खेतों की ओर मुंह कर रहे हैं। एक ओर वन क्षेत्र घट रहा है, दूसरी ओर बचा हुआ अनुत्पादक होता जा रहा है। हिमालय क्षेत्र पहले ही आजीविका कमाने की दृष्टि से संघर्ष पूर्ण क्षेत्र है, वहां स्थिति ज्यादा खराब है। यहां खेती और पशुपालन पर निर्भरता भी 90 प्रतिशत के आसपास है। वन्यप्राणी-मानव संघर्ष के चलते बहुत से क्षेत्रों में किसान अपनी जमीन खाली छोड़ने पर विवश हो चुके हैं। इसके अलावा ईंधन आपूर्ति और स्थानीय उपयोग के लिए विविध दस्तकारी के लिए कच्चा माल देने वाले उत्पाद और दवा-दूरी के लिए जड़ी-बूटी के न मिलने के कारण आजीविका के लिए स्थितियां कठिन तर होती जा रही हैं। हैरानी का विषय है कि आज तक इस समस्या को चिह्नत ही नहीं किया गया है। इसीलिए इसके समाधान के लिए कोई संस्थागत व्यवस्था भी नहीं बन पाई है। यह अब प्रशासन और विज्ञान जगत के लिए एक चुनौती है कि वे किस कुशलता से इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हैं और इसके निराकरण के लिए मिशन मोड में प्रयास शुरू करते हैं।किसी प्राकृतिक संसाधन का इस तरह विनष्ट हो जाना राष्ट्रीय हानि है, जिसकी भरपाई समय पर न संभले तो करना कठिन हो जाएगी। हम हिमाचल प्रदेश में मनरेगा जैसे प्रावधानों को इस कार्य में प्रयोग करने का आग्रह सरकार से करते रहे हैं। आशा है इस दिशा में ध्यान दिया जाएगा और केंद्र सरकार को इस कार्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि राज्य सरकारों के पास खास कर हिमाचल प्रदेश-उत्तराखंड जैसे राज्य जो अपना खर्च कर्ज लेकर चलाने को मजबूर हैं उनके लिए एक नया बोझ संभालना आसान नहीं है। किन्तु केंद्र सरकार तो मनरेगा में भी बजट कम करती जा रही है। केंद्र सरकार यदि राज्यों को इस काम के लिए विशेष कार्य-संबद्ध सहायता दे तो कार्य की शुरूआत हो सकती है, वरना लगातार वन-चारागाह क्षेत्र अनुत्पादक होते रहेंगे और देश और किसानों की आर्थिकी पर दुष्प्रभाव बढ़ता जाएगा।

# ऊर्जा संरक्षणः आज की आदत, कल का भविष्य

> मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है।

**- योगेश कुमार गोयल**

ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को ह्यराष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवसङ्क का आयोजन किया जाता है। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया था।

दरअसल, दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है।



ऊर्जा अपव्यय कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया ह्यराष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियानङ्क एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन ह्यऊर्जा दक्षता ब्यूरोङ्क स्थापित किया गया।ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में ऊर्जा की बचत कर सकता है। पुराने बल्वों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाए। आई.एस.आई. चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, ए.सी., हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें। खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों के बजाय सोलर कुकर और पानी गर्म करने के लिए बिजली के गीजर के बजाय सोलर वाटर हीटर के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। भवन निर्माण के समय प्लाट के चारों ओर वृक्ष लगाए जाएं तो प्रचण्ड गर्मी में भी भवन गर्म होने से बचेंगे और कूलर, एसी इत्यादि की जरूरत कम होगी। मकानों या कार्यालयों में दीवारों पर हल्के रंगों के प्रयोग से कम रोशनी वाले बल्बों से भी कमरे में पर्याप्त रोशनी हो सकती है। इससे न केवल ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनकर हम भविष्य के लिए ऊर्जा बचाने में मददगार बनेंगे बल्कि अपना बिजली बिल भी सीमित रख सकेंगे।

सार्वजनिक स्थानों पर सौर लाइटों की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार कार्यस्थल पर दिन के समय प्राकृतिक रोशनी में कार्य करने वाले लोगों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है और ऊर्जा की खपत में अपेक्षित कमी आती है। वहीं तेज कृत्रिम रोशनी वाले स्थानों पर काम करने से कर्मियों में तनाव, सिरदर्द, रक्तचाप, थकान जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं देखी जाती हैं और उनकी कार्यकुशलता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए ऑफिस में यदि पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी का व्यवस्था हो तो इससे ऊर्जा संरक्षण होने के साथ-साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है।

न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतें पूरी करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसी गंभीर समस्याओं और चुनौतियों से निपटने के लिए अक्षय ऊर्जा ऐसा बेहतरीन विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगा। हालांकि ऊर्जा के संसाधन गैर-अक्षय हों या अक्षय, हमें अपने जीवन में ऊर्जा के महत्व को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होना ही होगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# साल 2026 में कब खुलेंगे केदारनाथ मंदिर के कपाट

हिंदू तीर्थ स्थलों में केदारनाथ धाम को एक विशिष्ट स्थान है। यह पवित्र और फेमस चारधाम यात्रा का तीसरा पड़ाव माना जाता है। केदारनाथ मंदिर उत्तराखंड में पड़ता है और शीतकाल में इस मंदिर के कपाट बंद रहते हैं। वहीं अप्रैल-मई के बीच केदारनाथ मंदिर को दर्शन के लिए दोबारा खोला जाता है। इस मंदिर के कपाट खुलने की तिथि और समय अक्षय तृतीया के शुभ दिन पर निर्भर करता है। वहीं महाशिवरात्रि के दिन केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने की घोषणा की जाती है। उखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर के पुजारियों द्वारा पंचांग की गणना के बाद केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की जाती है।

### साल 2026 में कब खुलेंगे केदारनाथ मंदिर के कपाट

बता दें कि केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने की तिथि अक्षय तृतीया की तिथि के संयोग के साथ पड़ती है। हिंदू पंचांग के मुताबिक केदारनाथ मंदिर के कपाट



19 अप्रैल 2026 को खुल सकते हैं। इस दिन अक्षय तृतीया का पर्व भी मनाया जाएगा।

### आरती का समय

केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने के बाद मंदिर में सुबह और शाम दोनों समय आरती होती है। केदारनाथ मंदिर में सुबह की आरती सुबह 04:00 बजे और शाम की आरती 07:00 बजे होती है। वहीं दर्शन का सामान्य समय सुबह 07:00 बजे से लेकर दोपहर के 03:00 बजे तक रहता है। वहीं शाम की आरती शाम 06:00 बजे से 07:30 बजे तक होती है। फिर शाम के सामान्य दर्शन शाम 05:00 से 07:00 बजे के बीच रहता है।

## टिप्स

### सर्दियों में हॉट कोको पीने मिलते हैं जबरदस्त

सर्दियों के मौसम में जैसे-जैसे तपमान गिरता है, ठंड भी बढ़ने लगती हैं। इस मौसम में शरीर धीमा हो जाता है और दिमाग भी थोड़ा सुस्त सा महसूस करता है। इस दौरान एक गर्म कप हॉट कोको केवल स्वाद ही नहीं, बल्कि हेल्थ को बूस्ट करती है। कोको में मौजूद फ्लेवोनॉल्स, एंटी-ऑक्सीडेंट्स और अन्य कंपाउंड्स इसे एक ऐसा ड्रिंक बनाते हैं जो शरीर और दिमाग दोनों को ही अंदर से एनर्जी प्रदान करता है। कई स्टडीज में पाया गया है कि हॉट कोको केवल एक चॉकलेट ड्रिंक नहीं, बल्कि मेटाबॉलिज्म, हार्ट हेल्थ, ब्रेन फंक्शन और ओवरऑल वेलनेस को सपोर्ट करने वाला एक नेचुरल टॉनिक है। कोको पाउडर को पानी में घोलकर पीने से मेटाबॉल्जिम सबसे बेहतर होता है। यह कॉलेस्ट्रॉल लेवल को सुधरता है और स्टेम सेल हेल्थ को भी सपोर्ट मिलता है। आप एक से दो चम्मच कोको पाउडर का सेवन कर सकते हैं। आइए आपको बताते हैं कोको पाउडर ड्रिंक के फायदे।

**कोको ड्रिंक पीने के फायदे**

- ✔ शुद्ध कोको में फ्लेवोनॉल्स होते हैं,इसका सेवन करने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है। यह दिल की सेहत बेहतर करता है और स्टेम सेल सपोर्ट में मदद मिलती है।
- ✔ कोको ड्रिंक पीने से टोटल कोलेस्ट्रॉल कम होता है। इसे पीने से बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है और गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है।
- ✔ ब्लड ग्लूकोज को बेहतर तरीके से कंट्रोल करने में मदद मिलती है।
- ✔ अगर आप नियमित रुप से कोको ड्रिंक पीते हैं, तो बॉडी कंपोजिशन बेहतर होगा, कमर की चर्बी भी कम होगी और ओवरऑल वेलनेस में सुधार आएगा।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत करे निराकरण : उपायुक्त

संवाददाता

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिले के सभी प्रखंडो के अंचलाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने न्यायालय से जुड़े मामलों के अलावा राजस्व से जुड़े विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त श्री लकड़ा ने मुख्य रूप से भूमि सीमांकन, दाखिल-खारिज, म्यूटेशन और सेवा का अधिकार सप्ताह जैसे कार्यक्रमों की प्रगति पर बिंदुवार चर्चा की गई, ताकि लंबित



मामलों को जल्द निपटाया जा सके और भूमि संबंधी शिकायतों का समाधान हो सके। आगे बैठक के दौरान उपायुक्त ने भूमि सीमांकन, परिसोधन, ऑनलाइन लगान, रिजेक्शन भू-अधिग्रहण, अंतर्विभागीय निःशुल्क भूमि हस्तांतरण की स्थिति, अंतर्विभागीय सशुल्क भूमि हस्तांतरण की स्थिति सहित अन्य मामलों में प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित म्यूटेशन के आवेदनों को लेकर निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा में ही आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही वैसे आवेदन जो 90 दिनों से ज्यादा लंबित हैं उन्हें यथाशीघ्र निष्पादित करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत आवेदनों का निराकरण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। बैठक में अपर समाहर्ता हीरा कुमार, विधि शाखा प्रभारी शैलश कुमार सभी अंचलों के अंचलाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम व कर्मी आदि उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक अनंत ओझा का हुआ स्वागत

संवाददाता

**साहिबगंज:** भाजपा के नए नगर अध्यक्ष पदभार ग्रहण समारोह राजमहल विधानसभा के पूर्व विधायक अनंत ओझा के मार्ग दर्शन मे नए नगर अध्यक्ष विनोद चौधरी को विधायक कार्यालय मे नि वर्तमान नगर अध्यक्ष संजय पटेल जी ने अपने पदभार को सौंपा ।उपस्थित कार्यकताओं के समक्ष राजमहल विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक के द्वारा माला पहनकर सम्मानित किया। साथ ही राजमहल नगर के भाजपा नगर अध्यक्ष दीपक चंद्रवंशी,तीन पहाड़ मंडल के मंडल अध्यक्ष चंदन श्रीवास्तव, जी को भी माला पहनकर स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य धर्मेंद्र कुमार ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य जयप्रकाश सिन्हा ,भाजपा जिला महामंत्री गौतम यादव,जिला उपाध्यक्ष रामानंद शाह, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज पासवान,पंकज चौधरी,प्रेम लाल



मंडल, संतोष चौधरी,जय कांत वर्मा,विक्रम दस,सौरभ मिश्रा,चांदनी देवी,गरिमा साह,अवधेश यादव,देव कुमार,कमल महावर,राजीव चौधरी,कौशल किशोरी ओझा, आदित्य राज ठाकुरइत्यादि कार्यकता गण उपस्थित थे।

# प्रो. आरकेएस चौधरी बने दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष

संवाददाता

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष पद पर प्रो. आर. के. एस. चौधरी की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव (रजिस्ट्रार) द्वारा मंगलवार को आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है।

गौरतलब है कि प्रो. आर. के. एस. चौधरी विश्वविद्यालय में एक अनुभवी एवं वरिष्ठ शिक्षाविद के रूप में जाने जाते हैं। वे इससे पूर्व मानविकी संकाय के संकायाध्यक्ष के साथ-साथ विभागाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी सफलतापूर्वक निभा चुके हैं। उनके शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रबंधन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

उल्लेखनीय है कि अब तक दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी



डॉ. अनिल कुमार वर्मा के पास थी। उनका दो वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रो. चौधरी की नियुक्ति की गई है। प्रो. आर. के. एस. चौधरी की नियुक्ति से विभाग के शैक्षणिक विकास, शोध कार्यों एवं अकादमिक गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# सरकारी जमीन की भौगोलिक सीमाओं को नष्ट करने का प्रयास हुआ है : जयंत

संवाददाता

साहिबगंज:राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर बेगमगंज चांदशहर आरईओ सड़क किनारे मंगलवार को उधवा बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी व राधानगर थाना प्रभारी अमर मिंज के नेतृत्व में सरकारी खास जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर समतलीकरण किया गया। जानकारी के अनुसार नाइप आमबगीचा के पश्चिमी दिशा के समीप बेगमगंज चांदशहर आरईओ सड़क से सटे सरकारी खास जमीन का समतलीकरण किया गया। इस दौरान सीओ जयंत कुमार तिवारी ने बताया कि उक्त जमीन उपायुक्त साहिबगंज के निर्देश पर समतलीकरण कार्य किया गया है ।साथ ही बताया कि जमीन दान दाता सपन मंडल ने झारखंड सरकार को तीन कट्ठा सत्रह धुर जमीन रास्ता हेतु दान



दिया है। उक्त जमीन झारखंड सरकार की जमीन है,जो सरकारी व खास जमीन के श्रेणी में आता है। दस्तावेज के अनुसार उक्त जमीन रास्ता हेतु झारखंड सरकार के नाम उल्लेख है ।आगे बताया कि उक्त जमीन पर कुछ दिनों पूर्व कुछ तथाकथित लोगों के द्वारा जेसीबी से खुदाई कर गढ्डा बना दिया था। साथ ही रास्ता ब्लाक कर दिया गया था। इसके अलावा सरकारी जमीन की भौगोलिक सीमाओं को नष्ट करने का प्रयास हुआ है ।जिसकी लिखित शिकायत जमीन दान दाता सपन मंडल व अन्य लोगों ने डीसी, अपर समाहर्ता साहेबगंज एवं अंचलाधिकारी उधवा व थाना प्रभारी राधानगर से अतिक्रमण मुक्त करने एवं समतलीकरण की मांग किया है। उपायुक्त के निर्देश पर उक्त सरकारी खास जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। मौके पर राजस्व कर्मचारी सह प्रभारी अंचल निरीक्षक सुशील मरांडी, अंचल अमीन सुदर्शन मंडल, सहित काफी संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात थे।

# यूजी सेमेस्टर-1 परीक्षा के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि घोषित

**दुमका :** सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका ने यूजी सेमेस्टर–क् सत्र 2025झ29 की परीक्षा के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियों की घोषणा कर दी है। विद्यार्थी 22 दिसम्बर 2025 से 6 जनवरी 2026 तक बिना विलंब शुल्क ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। 200 विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरने की तिथि 7 से 10 जनवरी तक निर्धारित है, जबकि ?500 विलंब शुल्क पर 11 से 14 जनवरी 2026 तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। कॉलेजों द्वारा फॉर्म की हार्डकॉपी 15 से 17 जनवरी के बीच जमा की जाएगी। परीक्षा शुरू होने से 7 दिन पहले तक विद्यार्थी केवल ऑनलाइन माध्यम से ?1000 विलंब शुल्क के साथ भी फॉर्म भरने का विकल्प प्राप्त करेंगे। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं तथा भुगतान रसीद सहित हार्डकॉपी अपने संबंधित कॉलेज में जमा करना अनिवार्य होगा।

# जनता की समस्याओं का समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

संवाददाता

**देवघर :** जिले की जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू की अध्यक्षता में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को समक्ष रखा गया। साथ ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच




कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।

इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।

पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण का सफल समापन

# सखी मंडल किसानों के बीच किट और प्रमाण पत्र का वितरण

संवाददाता

साहिबगंज:वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत उद्यान विकास योजना के तहत जिला उद्यान कार्यालय, साहिबगंज द्वारा अभिसरण के माध्यम से जेएसएलपीएस के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया। यह प्रशिक्षण पतना प्रखंड के कुल 60 सखी मंडल किसानों के लिए आयोजित किया गया था ।समापन अवसर पर सहायक निदेशक उद्यान, दुमका दयानंद प्रसाद, मोदी कोला पंचायत के मुखिया धर्मू मालतो एवं पतना प्रखंड के बीपीएम राहुल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से प्रशिक्षण प्राप्त किसानों के बीच मशरूम उत्पादन से संबंधित किट प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। सहायक निदेशक उद्यान दयानंद प्रसाद ने किसानों को



संबोधित करते हुए कहा कि मशरूम की खेती कम लागत व कम भूमि में की जा सकने वाली लाभकारी कृषि गतिविधि है। इसके माध्यम से किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं। अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त तकनीकी ज्ञान का व्यवहारिक रूप से उपयोग करने का आह्वान किया ।कार्यक्रम में उद्यान विभाग से प्रेम पासवान सामुदायिक समन्वयक परवेज आलम बीआरपी राज कुमार मंडल सहित सखी मंडल की सक्रिय किसान दीदियां मेशी पहाड़िन, सुखी पहाड़िन, शांति पहाड़िन, सुंदरी पहाड़िन, मोनिका मुर्मू, मंझली किस्कू, रीना मालतो, धरमी पहाड़िन, मेरीशिला मालतो एवं अन्य किसान दीदियां उपस्थित रहीं ।कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं किसानों को स्वरोजगार से जोड़ते हुए उनकी आजीविका में सुधार लाना है ।जिससे वे मशरूम उत्पादन को आय के एक सशक्त साधन के रूप में विकसित कर सकें।

# 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का वाहन चलाना कानूनन अपराध है : अखिल

संवाददाता

साहिबगंज :सर्वोच्च न्यायालय के निदेशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज के अध्यक्ष अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज दिनांक 16 दिसंबर 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज एवं जिला परिवहन कार्यालय, साहिबगंज सड़क सुरक्षा के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान इंटर स्कूल साहिबगंज परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सड़क पर यातायात के दौरान सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को अपने परिजनों



के साथ यात्रा करते समय हेलमेट सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने अपने परिवारजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने हेतु जागरूक किया ।कार्यक्रम में बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा वाहन चलाना कानूनन अपराध है। यदि कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है तो मोटर वाहन अधिनियम की धारा 199 ए के तहत ?25,000 का जुमार्ना एवं अभिभावक को 6 माह के कारावास का प्रावधान है ।साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि वाहन चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य है। बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 181 के तहत ?5,000 का जुमार्ना लगाया जाता है ।दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट के उपयोग, ओवर स्पीड से बचने एवं सुरक्षित गति से वाहन चलाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त नेक नागरिक गुड समारिटन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को ह्गोल्डन ऑवरह्व के दौरान सहायता प्रदान करने वाले नेक नागरिक को ?2,000 की प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है ।कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई ।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार से एल.ए.डी.सी. रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, रत्न कुमार असिस्टेंट एल.ए.डी.सी. परिवहन विभाग से जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, आर.ई.ए.अनुज पराशर उपस्थित थे। विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्य ओमप्रकाश गुप्ता सहित अन्य शिक्षकगण भी कार्यक्रम में शामिल रहे ।यह जागरूकता अभियान विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार व्यवहार विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

## न्यूज IN ब्रीफ

### जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

**साहिबगंज:** जिले में प्रशासन और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता लगातार गहरा होता जा रहा है। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार ने एक बार फिर यह साबित किया कि यह पहल अब लोगों की उम्मीदों का केंद्र बन चुकी है ।उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में ग्रामीण एवं शहरी नागरिक उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रखीं। भूमि विवाद, पेंशन भुगतान, पेयजल संकट, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली आपूर्ति, शिक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न विभागीय मामलों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं ।उपायुक्त श्री सती ने प्रत्येक शिकायत कर्ता से व्यक्तिगत बातचीत की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई का निर्देश देते हुए साफ शब्दों में कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन का लक्ष्य है हर नागरिक को समयबद्ध पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान उपलब्ध कराना।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी विभागों को अपनी कार्रवाई की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से उपायुक्त कार्यालय को सौंपनी होगी ताकि मॉनिटरिंग और पारदर्शिता बनी रहे। अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि समस्याओं के निस्तारण में देरी या औपचारिकता स्वीकार्य नहीं होगी ।ज्ञात हो कि साहिबगंज में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित किया जाता है। इस व्यवस्था ने प्रशासनिक कार्यसंस्कृति को नई दिशा दी है। लोग बिना किसी मध्यस्थ के अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन तक पहुँचा रहे हैं। इससे जहां शासन और जनता के बीच संवाद मजबूत हुआ है ।वहीं विश्वास भी गहरा हुआ है कि प्रशासन उनकी समस्याओं को सुनने और समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मंत्री संजय प्रसाद यादव को मातृशोक

**साहिबगंज :** झारखण्ड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव का 75 वर्षीय माता का निधन मंगलवार को हो गया ।वह बीते कई दिनों से अस्वथ्य चल रही थी ।पटना के एक निजी अस्पताल मे उन्होंने अंतिम सांस ली ।मंत्री के माता के निधन पर साहिबगंज राजद जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव,प्रदेश सचिव मुन्ना यादव जिला उपाध्यक्ष दिनेश यादव,संजय यादव,विमल यादव सहित कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

### मारपीट के मामले में चार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में मारपीट की घटना को लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी ने चार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा बताया जा रहा है कि दो पक्षों में मारपीट को



लेकर थाने में लिखित आवेदन दी गई थी जिसको लेकर थाना कांड संख्या 120/25 में मामला दर्ज किया गया जिसको लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश पांडेय ने महादेवगंज निवासी अभियुक्त अजय यादव 25 बिरजू यादव 20 गणेश कुमार यादव 22 विकास उर्फ सत्यम 41 को गिरफ्तार किया है ।जिसे मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लाया गया अस्पताल में चिकित्सक डॉ कुमार अंकित ने चारों अभियुक्तों को मेडिकल जांच किया मेडिकल जांच उपरांत पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेजा ।

### महाविद्यालय के कर्मचारी के साइकिल हुई चोरी सीसीटीवी में फुटेज कैद

**साहिबगंज:** महाविद्यालय के एक कर्मचारी के सोमवार को विद्यालय परिसर से साइकिल चोरी की घटना घटी बताया जा रहा है कि साहिबगंज कॉलेज महाविद्यालय के कर्मचारी पुष्पराज सिंह



रोज की तरह काम करने के लिए महाविद्यालय आते थे और कॉलेज परिसर में ही साइकिल लगाया करता था. जहां सोमवार को अपने घर जाने के वक्त साइकिल ढूंढ रहा था. काफी खोजबीन के बाद साइकिल का कुछ पता नहीं चला. इसके बाद कॉलेज का सीसीटीवी फुटेज को खंगाल गया जिसमें साफ दिखाई दे रहा था कि एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉलेज परिसर में दाखिल होकर कुछ देर चक्कर लगाने के बाद महाविद्यालय के परिसर से कर्मचारी पुष्पराज सिंह के साइकिल लेकर फरार हो जिसको लेकर सीसीटीवी में फुटेज कैद हो गई.अज्ञात व्यक्ति की पहचान की जा रही है

### वाहन जांच अभियान चलाए जाने से वाहन चालकों में मचा हड़कंप

साहिबगंज:मंडरो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मिर्जाचौकी फाटक पर मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया



गया ।वाहन जांच अभियान चलाएं जाने से वाहन चालकों में मचा हड़कंप। वही बताया गया की वाहन जांच के दौरान हेलमेट, गाड़ी की डिक्की समेत अन्य जांच की गई। मिजाचौकी पुलिस द्वारा बताया गया की वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। मोटरसाइकिल चलाने के दौरान हेलमेट का प्रयोग करें साथ ही गाड़ी के कागजात साथ रखें।18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मोटरसाइकिल चलाने न दे। वही फाटक समीप वाहन जांच अभियान चलाएं जाने से बाइक चालक परेशान दिखे।

### भारतीय सेना के जवानों के शौर्य और बलिदान को नमन करते हैं : गोपाल प्रसाद

**साहिबगंज:** विद्या भारती विद्यालय जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज के वंदना कक्ष में विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व वायुसैनिक



और भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी गोपाल प्रसाद व विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील पंडित ने सरस्वती माता ओंकार भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन पुष्प अर्पित किया ।तत्पश्चात सुनील पंडित ने गोपाल प्रसाद को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया ।विजय दिवस समारोह को संबोधित करते हुए गोपाल प्रसाद ने बताया कि आज ही के दिन सन 1971 में भारतीय सेना की वीरता के आगे पाकिस्तान की सेना ने आत्मसमर्पण किया और बांग्लादेश को आजादी मिली थी।

# सेल्युलर जेल पहुंचे रणदीप

**रणदीप** हुड्डा सेल्युलर जेल पहुंचे हैं। यहां से उन्होंने कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी है और फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' को याद किया है। बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें सेल्युलर जेल की हैं। यह वही जगह है जहां रणदीप हुड्डा ने अपनी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' की शूटिंग की थी। तस्वीरों के साथ अभिनेता ने एक लंबी पोस्ट लिखी है।



### रणदीप हुड्डा ने दिखाई सेल्युलर जेल की झलक

रणदीप हुड्डा ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीरें शेयर की हैं उसमें सेल्युलर जेल की झलक देखी जा सकती है। एक तस्वीर में रणदीप हुड्डा जेल के बाहर पोज दे रहे हैं। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए रणदीप हुड्डा ने लिखा 'श्री विजयपुरम (पोर्ट ब्लेयर)। सेल्युलर जेल। सागर प्राण तरमाला के 115 साल पूरे! उसी सेल्युलर जेल में दोबारा जाना हुआ, जहां वीर सावरकर ने कभी कष्ट सहे थे। इसी जेल में मैंने 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का एक बड़ा हिस्सा शूट किया था। उस जगह पर उनकी मूर्ति का अनावरण देखा, जिसे कभी काला पानी कहा जाता था। यह मेरे लिए निजी अनुभव है। इतिहास इसे याद रखता है। सच्चाई हमेशा बनी रहती है।

### रणदीप को मिला सम्मान

रणदीप हुड्डा ने आगे लिखा 'मुझे इस ऐतिहासिक मौके पर आकर बहुत सम्मान महसूस हुआ। मुझे खुशी है कि इसी जगह पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक श्री मोहन भागवत जी और भारत के माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी से सम्मान मिला। यह जगह कभी वीर सावरकर के बलिदान की गवाह थी। वीर सावरकर की विरासत आज भी कायम है। आखिरकार उन्हें उसी जगह सम्मान मिला, जहां उन्होंने कभी कठिनाइयां झेली थीं। वंदे मातरम।'

# श्रेया कालरा ने बॉयफ्रेंड को धोखा देने के आरोप पर तोड़ी चुप्पी




**सोशल मीडिया इन्फलुएंसर और अभिनेत्री श्रेया कालरा इन दिनों विवादों का सामना कर रही हैं। इसी बीच उनके बॉयफ्रेंड ऋषभ जायसवाल ने उनका साथ दिया है।**

सोशल मीडिया पर अपने फैशन कंटेंट और फनी वीडियोज के लिए पहचानी जाने वालीं श्रेया कालरा इन दिनों सुर्खियों में हैं। मध्य प्रदेश से ताल्लुक रखने वाली श्रेया ने कम उम्र में ही ग्लैमर और डिजिटल दुनिया में अपनी अलग जगह बना ली। उन्हें असली पहचान एमटीवी रोडीज से मिली, जहां वो वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर शो का हिस्सा बनीं।

### ऋषभ जायसवाल संग रोडीज पर हुई मुलाकात

रोडीज के दौरान उनकी नजदीकियां ऋषभ जायसवाल से चर्चा का विषय बनीं। शो के बाद दोनों की दोस्ती और रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया पर खूब बातें हुईं। धीरे-धीरे श्रेया को एक रियलिटी शो फेस से आगे बढ़कर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और एक्ट्रेस के तौर पर पहचाना जाने लगा।

### क्या है विवाद?

हाल ही में श्रेया कालरा एक बार फिर सुर्खियों में आ गईं, लेकिन इस बार वजह उनका काम नहीं बल्कि एक वायरल वीडियो था। मुंबई में हुए सिंगर टायला के कॉन्सर्ट का एक छोटा सा क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें श्रेया एक व्यक्ति के कंधों पर बैठकर डांस करती नजर आईं। कुछ ही सेकंड के इस वीडियो के आधार पर लोगों ने उनके चरित्र पर सवाल उठाने शुरू कर दिए और उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। आरोप यहां तक पहुंचे कि वो अपने बॉयफ्रेंड ऋषभ जायसवाल के प्रति बेवफाई कर रही हैं। बढ़ती नेगेटिविटी के बीच श्रेया ने वीडियो डिलीट किया और फिर सोशल मीडिया पर खुलकर अपनी बात रखी।

### वेब सीरीज और एक्टिंग करियर

रोडीज के बाद श्रेया कालरा ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में काम किया और इसके साथ ही वेब सीरीज में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। 'फुह से फैंटेसी' जैसे शो में उनका नाम बड़े कलाकारों के साथ जुड़ा, जिससे उनके करियर को मजबूती मिली। इसके अलावा 'हार्टबीट्सः प्यार और अरमान' में उन्होंने एक डॉक्टर का किरदार निभाया, जिसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

## रंगारंग सूफी नाइट और अवॉर्ड सेरेमनी के साथ जीएमएफ-2025 का समापन



**● सौरभ शुक्ला ने सुनाए रोचक किस्से**

ग्रोथ मल्टीप्लायर फिनफेस्ट (जीएमएफ) एंड अवॉर्ड 2025 का समापन शनिवार को हुआ। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सौरभ शुक्ला भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में कुछ रोचक किस्से सुनाए।

एएएफएम इंडिया और बोनस की ओर से आयोजित ग्रोथ मल्टीप्लायर फिनफेस्ट (जीएमएफ) एंड अवॉर्ड 2025 का समापन शनिवार को केंद्रीय सड़क और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और फिल्म अभिनेता सौरभ शुक्ला की उपस्थिति में हुआ। दो दिन तक चले इस कार्यक्रम में बीएफएसआई इंडस्ट्री से जुड़े दिग्गजों ने भारत की तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था में अपनी भागीदारी को और तेजी से बढ़ाने पर मंथन किया।

### सूफी संगीत कार्यक्रम का आयोयन किया गया

मुंबई के द ललित होटल में शुक्रवार को शुरू हुए कार्यक्रम का शुभारंभ एनआईएसएम के डायरेक्टर शशी कृष्णन ने किया। इसके बाद म्यूचुअल फंड कंपनियों के लीडर्स ने तमाम विषयों पर मंथन किया। दिन भर चले प्रजेंटेशन और पैनल डिस्कशन के बाद रात को रंगारंग सूफी संगीत नाइट का आयोजन किया गया। दिल्ली के उसूल बैंड ने सूफी गानों पर बीएफएसआई दिग्गजों को झूमने पर मजबूर कर दिया। शनिवार को एक बार फिर म्यूचुअल फंड, टेक्नोलॉजी, बीमा और बैंकिंग क्षेत्र के दिग्गज जुटे और तमाम विषयों पर परिचर्चा की। शनिवार को गोल्ड बनाम इक्विटीः कौन जीतेगा रेस? विषय पर इक्विटी और कमोडिटी के दिग्गजों के बीच गर्मागरम बहस हुई। इक्विटी क्षेत्र के दिग्गज रचित खंडेलवाल और चंदन तापड़िया ने इक्विटी में निवेश कैसे और कितना सही है पर अपने तर्क दिए। वहीं दूसरी ओर कमोडिटी के दिग्गज अजय केडिया और जयप्रकाश गुप्ता ने भी कार्यक्रम में कमोडिटी के पक्ष में अपने विचार रखें।

**मैं एक ही फिल्म दो बार भी नहीं देखती, लेकिन -**

## धुरंधर 4-5 बार देखना चाहती हूं : एलनाज नौरोजी



**आदित्य** धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा देखने को मिल रहा है। 250 करोड़ से ज्यादा कमाई कर चुकी फिल्म को खूब तारीफ मिल रही है। 5 दिसंबर को रिलीज हुई स्पाई-थ्रिलर दर्शकों के साथ ही सेलेब्रिटीज को भी खूब पसंद आ रही है। ईरानी मूल की अभिनेत्री और मॉडल एलनाज नौरोजी ने भी फिल्म की तारीफ में कसीदे पढ़े। फिल्म की तारीफ के लिए एलनाज ने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरीज सेक्शन का सहारा लिया। 'धुरंधर' का पोस्टर पोस्ट करते हुए उन्होंने दिल खोलकर प्रशंसा की। एलनाज ने न केवल कहानी बल्कि निर्देशक और स्टारकास्ट को भी कमाल बताया। एलनाज ने पोस्ट में लिखा, 'मैं बस यही महसूस कर रही हूं कि वाह! क्या कमाल की फिल्म है। फिल्म मेकिंग अपने सबसे अच्छे रूप में है आदित्य धर। एक्टर रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त, अक्षय खन्ना ने बेजोड़ एक्टिंग की है।' उन्होंने आगे कहा कि उन्हें सिनेमा बहुत पसंद है, लेकिन आमतौर पर किसी भी फिल्म को वह दो बार से ज्यादा नहीं देखती हैं। लेकिन, 'धुरंधर' वह बार बार देखना चाहती हैं। उन्होंने लिखा, 'मैं एक्टिंग के क्षेत्र से हूं और सिनेमा मुझे पसंद है। लेकिन मैं एक ही फिल्म को दो बार भी देखना पसंद नहीं करती। लेकिन, खास बात है कि 'धुरंधर' इतनी शानदार है कि इसे मैं तीन-चार-पांच या बार देखना चाहती हूं।' 'धुरंधर' को दर्शकों के साथ ही फिल्म जगत के

तमाम सितारों से भी खूब तारीफ मिल रही है। भारत की इंटेलिजेंस एजेंसियों की बहादुरी और जियोपॉलिटिकल मुद्दों पर आधारित फिल्म में रणवीर सिंह ने एक रॉ एजेंट की भूमिका निभाई है, जबकि अक्षय खन्ना, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल और आर माधवन, राकेश बेदी और सारा अर्जुन भी महत्वपूर्ण किरदार में हैं। फिल्म की कहानी कंधार हाइजैक, 26 नवंबर जैसी सच्ची घटनाओं से इंस्पायर्ड है।

तारीफ के साथ ही फिल्म की आलोचनाएं भी हो रही हैं। कुछ क्रिटिक्स ने इसे 'प्रोपेगेंडा' कहा है। एलनाज नौरोजी 'सेक्रेड गेम्स', 'मस्ती 4' के साथ ही बॉलीवुड में कई प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रह चुकी हैं।

## 'धुरंधर' देख कर खौला तमिल एक्टर आदिवी शेष का खून!



**● आदित्य धर ने पोस्ट पर किया रिप्लाई**

**बॉलीवुड** और साउथ के कई कलाकारों ने फिल्म 'धुरंधर' की तारीफ की है। इसी कड़ी में आदिवी शेष ने भी फिल्म की सराहना की है। उनकी पोस्ट पर आदित्य धर ने जवाब दिया है। फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की अल्लू अर्जुन, ऋतिक रोशन और भूमि पेडनेकर जैसे कई कलाकारों ने तारीफ की है। अब तेलुगु स्टार आदिवी शेष ने भी फिल्म की सराहना की है। फिल्म की तारीफ करते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखी है। आदिवी शेष ने फिल्म की तारीफ करते हुए एक्स पर लिखा 'मुझे धुरंधर बहुत पसंद आई! देश की सबसे बड़ी फिल्म देखने में थोड़ी देर हो गई, लेकिन यह बहुत अच्छी बनी है। आदित्य धर सर, इतने सारे ग्रे शेड्स को इतनी बारीकी से दिखाना एक उपलब्धि है। जरूरी विषय पर आपने बिल्कुल इंटरनेशनल प्रेजेंटेशन दी है। मैंने 'मेजर' के लिए 26/11 पर बहुत रिसर्च की थी। इसलिए यह देखना मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था कि आईएसआई के हैंडलर्स को ल्यारी अंडरवर्ल्ड ने ताकत दी थी। यह देखकर मेरा दिल टूट गया और खून खौल उठा।

# आईपीएल नीलामी: कैमरन ग्रीन बने इतिहास के सबसे महंगे विदेशी

✔ कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में 16 दिसंबर को एक नया रिकॉर्ड बन गया। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआई) ने उन्हें 25.20 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि में उन्हें अपने साथ जोड़ा। कैमरन ग्रीन के लिए रिकॉर्डतोड़ बोली ने एक बार फिर आईपीएल नीलामी की गर्मजोशी और फ्रेंचाइजियों की रणनीतियों को सुर्खियों में ला दिया है। केकेआर की यह बोली आईपीएल नीलामी में किसी विदेशी खिलाड़ी पर अब



तक की सबसे बड़ी राशि है। इससे पहले यह रिकॉर्ड भी केकेआर के नाम था, जब फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2024 नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस बीच, 2025 मेगा ऑक्शन से पहले आईपीएल ने विदेशी खिलाड़ियों के लिए एक नया नियम लागू किया था, जिसके तहत ह्नअधिकतम फीस सीमाह्व तय की गई। यह फैसला फ्रेंचाइजियों की बढ़ती चिंता को देखते हुए लिया गया, क्योंकि हाल के वर्षों में कई बड़े विदेशी खिलाड़ी मेगा ऑक्शन से दूरी बनाकर रखते थे और केवल मिनी ऑक्शन में ही नाम डालते थे। मिनी ऑक्शन में खिलाड़ियों की संख्या सीमित होने और टीमों की मजबूरी के चलते बोली की रकम तेजी से बढ़ जाती थी, जो कई बार असंतुलित और अस्थिर स्तर तक पहुंच जाती थी। इसी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए आईपीएल ने विदेशी खिलाड़ियों के लिए अधिकतम फीस की सीमा लागू करने का फैसला किया।

## टीवी एक्टर अनुज सचदेवा पर हमला

**● सोसाइटी में रहनेवाले शख्स ने जान से मारने की धमकी भी दी, वीडियो में रिकॉर्ड हुई मारपीट**

ये रिश्ता क्या कहलाता है, स्वरागिनी, साथ निभाना साथिया जैसे कई पॉपुलर टीवी शोज का हिस्सा रह चुके एक्टर अनुज सचदेवा पर रविवार शाम हमला हो गया। एक्टर ने खुद इस मारपीट का वीडियो रिकॉर्ड कर बताया है कि उन पर सोसाइटी के रहनेवाले एक शख्स ने हमला किया है। अनुज सचदेवा ने रविवार को ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें एक शख्स उन्हें भद्दी गालियां देते हुए डंडे से पीटता नजर आ रहा है। वीडियो में सुनाई दे रहे ऑडियो के अनुसार, ये विवाद कुत्तों की वजह से हुआ है। वीडियो में खून से लथपथ एक्टर ने कहा है, इस आदमी ने मुझे मारने की कोशिश की है। इस दौरान भी वो शख्स लगातार उन्हें गालियां दे रहा है। वीडियो की शुरुआत में हमला करने वाले शख्स को ये कहते सुना जा सकता है, 'कुत्ते से कटवाएगा'। इसके जवाब में अनुज कहते हैं, 'कुत्ते से नहीं कटवाया'।



## आईपीएल ऑक्शन 2026: खिलाड़ियों की सूची अपडेट, 19 नए नाम जोड़े गए

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की नीलामी से ठीक पहले खिलाड़ियों की सूची में एक बार फिर बदलाव किया गया है। सोमवार को जारी अपडेट के अनुसार, फ्रेंचाइज़ियों के अनुरोध पर 19 अतिरिक्त खिलाड़ियों को नीलामी सूची में शामिल किया गया है। इसके साथ ही अब कुल खिलाड़ियों की संख्या बढ़कर 369 हो गई है। इस ताजा अपडेट में सबसे अहम नाम बंगाल के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन का है, जिन्हें पहली बार क्लछ 2026 नीलामी सूची में जगह मिली है। इससे पहले लीग ने नौ खिलाड़ियों को नीलामी पूल में जोड़ा था, जिनमें त्रिपुरा के ऑलराउंडर मानिसंकर मुरसिंह, स्वास्तिक चिकारा और दक्षिण अफ्रीका के इथन बॉश शामिल थे। हालांकि, कुछ ही समय बाद इन नामों को सूची से हटा लिया गया था। अब नवीनतम अपडेट के बाद इन नौ खिलाड़ियों को एक बार फिर नीलामी सूची में शामिल कर लिया गया है।

**नीलामी सूची में जोड़े गए खिलाड़ी और उनकी बेस प्राइस**

- ✔ मानसिंकर मुरसिंह –30 लाख
- ✔ स्वास्तिक चिकारा –30 लाख
- ✔ इथन बॉश –75 लाख
- ✔ विरनदीप सिंह –30 लाख
- ✔ चामा मिलिंद –30 लाख
- ✔ के.एल. श्रीजित –30 लाख
- ✔ राहुल राज नामला –30 लाख
- ✔ क्रिस ग्रीन –75 लाख
- ✔ विराट सिंह –30 लाख
- ✔ अभिमन्यु ईश्वरन –30 लाख
- ✔ त्रिपुरेश सिंह –30 लाख
- ✔ काइल वेरेयेन –1.25 करोड़
- ✔ ब्लेसिंग मुजाराबानी –75 लाख
- ✔ बेन सियर्स –1.50 करोड़
- ✔ राजेश मोहंती –30 लाख
- ✔ स्वास्तिक सामल –30 लाख
- ✔ सरांश जैन –30 लाख
- ✔ सूरज संगराजू –30 लाख
- ✔ तनमय अग्रवाल –30 लाख

अबू धाबी के एतिहाद एरीना में होने वाली इस नीलामी से पहले हुए इस अपडेट ने फ्रेंचाइज़ियों के लिए विकल्पों को और व्यापक बना दिया है।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले एडिलेड इंटरनेशनल में हिस्सा लेंगे नोवाक जोकोविच

**एजेंसी**

**एडिलेड :** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 की तैयारी के लिए एडिलेड इंटरनेशनल में हिस्सा लेंगे। जोकोविच इस टूनार्मेंट के जरिए अपने 11वें ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब और रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम की दावेदारी की शुरूआत करेंगे। एटीपी-डब्ल्यूटीए संयुक्त टूनार्मेंट एडिलेड इंटरनेशनल का आयोजन 12 से 17 जनवरी तक किया जाएगा। इसके बाद साल का पहला ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन 18 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होगा। जोकोविच ने अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब 2023 में जीता था और उसके बाद से उन्होंने टूर पर अपने मैचों की संख्या कम कर दी है। हालांकि, इसके बावजूद उन्होंने इस साल जिनेवा और एथेंस में




खिताब जीतकर अपनी क्षमता का परिचय दिया। टूनार्मेंट आयोजकों ने मंगलवार को पुष्टि की कि एडिलेड इंटरनेशनल में पुरुष वर्ग में जोकोविच के अलावा जैक ड्रेपर, जोआओ फोंसेका, टॉमी पॉल और स्टेफानोस सितसिपास जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। महिला वर्ग में मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज टूनार्मेंट की अगुआई करेंगी। उनके साथ विश्व की शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल जेसिका पेगुला, मिर्रा आंद्रेयेवा और एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा भी मैदान में उतरेंगी।

टूनार्मेंट निदेशक एलिसिया मोलिक ने कहा, ह्लएडिलेड इंटरनेशनल 2026 संस्करण वैश्विक टेनिस कैलेंडर में टूनार्मेंट की निरंतर बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाएगा, जहां एटीपी और डब्ल्यूटीए टूर के विश्वस्तरीय खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# मध्य प्रदेश में ठंड का ट्रिपल अटैक, कई जिलों में पारा 5 डिग्री से नीचे, कोहरे की वजह से ट्रेनें-फ्लाइट लेट

– भोपाल में सीजन की सबसे सर्द रात दर्ज, अगले 24 घंटों में और बढ़ेगी ठंड

**एजेंसी**

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में ठंड का अब ट्रिपल अटैक शुरू हो गया है। शीतलहर, घना कोहरा और कड़ाके की सिरहन से लोगों के हाल बेहाल हो गए हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि अगले 24 घंटों में ठंड और बढ़ने वाली है। प्रदेश के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। राजधानी भोपाल सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज बुधवार को भोपाल, रायसेन, राजगढ़, शाजापुर-सीहोर में कोल्ड वेव का अलर्ट है। वहीं, 22 जिलों में घना कोहरा छाएगा। कोहरे की वजह से ट्रेनें-



फ्लाइट भी डिले हो रही हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर और विदिशा में घना कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया है। वहीं, इंदौर, उज्जैन, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, मंडला, शिवपुरी, श्योपुर, नीमच, मंदसौर में भी कोहरा छाया रहेगा। कोहरा छाने के दौरान वाहनों को सावधानी से चलाने की समझाइश भी दी गई है। इससे पहले मंगलवार की सुबह छतरपुर के नौगांव में 500 से 1 हजार मीटर, भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, खजुराहो-मंडला में 1 से 2 किलोमीटर, इंदौर, राजगढ़, सागर, उज्जैन, जबलपुर-गुना में 2 से 4 किलोमीटर तक दृश्यता दर्ज की गई।

**कई शहरों में न्यूनतम तापमान लुढ़का**

मंगलवार की रात प्रदेश के कई शहरों में न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड लुढ़क गया। भोपाल में सीजन की सबसे सर्द रात रही। यहां तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। साल 2016 से अब तक 10 साल में यह तीसरी सबसे सर्द रात रही। पिछले साल 16 दिसंबर को पारा 3.3 डिग्री दर्ज किया गया था। भोपाल देश का 8वां और मध?य प्रदेश का दूसरा सबसे ठंडा शहर बन रहा। प्रदेश में शाजापुर में सबसे कम तापमान 4.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, इंदौर में तापमान 5.4 डिग्री, ग्वालियर-जबलपुर में 9 डिग्री और उज्जैन में 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रीवा, सतना और सीधी में विजिबिलिटी 200 से 500 मीटर तक रही। शाजापुर सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 4.4 डिग्री पहुंच गया। मंदसौर में 4.6 डिग्री, शहडोल के कल्याणपुर, नौगांव-राजगढ़ में 5 डिग्री, पचमढ़ी में 5.2 डिग्री, रीवा में 5.5 डिग्री, रायसेन में 6.5 डिग्री, मलाजखंड में 7.1 डिग्री, उमरिया में 7.2 डिग्री, नरसिंहपुर-खजुराहो में 8 डिग्री, दमोह-मंडला में 8.2 डिग्री, दतिया में 8.3 डिग्री, बैतूल में 8.5 डिग्री, सतना में 8.7 डिग्री, शिवपुरी में 9 डिग्री, गुना में 9.5 डिग्री, छिंदवाड़ा, खरगोन और रतलाम में तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

## ट्रंप ने वेनेजुएला के तेल टैंकरों की नाकाबंदी का आदेश दिया

**एजेंसी**

**वाशिंगटन :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को वेनेजुएला आने-जाने वाले मंजूरशुदा तेल टैंकरों की ₹पूरी तरह से नाकाबंदी₹ का आदेश जारी किया है। ट्रंप के इस आदेश से वेनेजुएला की निकोलस मादुरो सरकार पर दबाव बढ़ गया है। साथ ही इस क्षेत्र में अमेरिका के मिलिट्री अभियान के पीछे एक आर्थिक मकसद का संकेत मिल रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में पूरी तरह से नाकाबंदी शब्दों को कैपिटल लेटर्स में लिखते हुए इस क्षेत्र में अमेरिकी मिलिट्री की बड़ी मौजूदगी की ओर इशारा किया। उन्होंने मादुरो की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सुझाव दिया कि वेनेजुएला अमेरिका को जमीन, तेल और संपत्ति सौंप दे। मिलिट्री अभियान का मकसद सिर्फ ड्रग्स के व्यापार का मुकाबला करना नहीं है। ट्रंप ने मंगलवार रात कहा कि वेनेजुएला



दक्षिण अमेरिका के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े नौसैनिक बेड़े से पूरी तरह घिरा हुआ है। यह और भी बड़ा होगा और उन्हें ऐसा झटका लगेगा जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। ट्रंप की वेनेजुएला पर जमीनी हमले की धमकी ने कराकस पर दबाव बढ़ा दिया है। वेनेजुएला के तेल भंडार दुनिया में सबसे बड़े हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण वे अपनी क्षमता से काफी कम काम कर रहे हैं। देश का ज्यादातर तेल चीन को बेचा जाता है। अमेरिकी सरकार ने 2005 से वेनेजुएला पर प्रतिबंध लगाए हैं।

## श्रीनगर के महजूर नगर इलाके में एक स्क्रैप यार्ड में लगी भीषण आग

**श्रीनगर :** बुधवार तड़के श्रीनगर के महजूर नगर इलाके में एक स्क्रैप यार्ड में भीषण आग लग गई जिससे परिसर को व्यापक क्षति पहुंची।
अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं (एफईएस) के अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना सुबह लगभग 4.24 बजे बटमालू स्थित अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा (एफईएस) नियंत्रण कक्ष को दी गई जिसके बाद एफईएस मुख्यालय, गौकादल अग्निशमन केंद्र और नौगाम अग्निशमन केंद्र से दमकल गाड़ियां कुछ ही मिनटों में मौके पर भेजी गईं। पहुंचने पर स्क्रैप यार्ड पूरी तरह से आग की लपटों में घिरा हुआ था। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने और उसे आसपास की इमारतों में फैलने से रोकने के लिए तुरंत गहन अभियान शुरू किया। अथक प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया गया। यह अभियान अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं के उप निदेशक मीर आकिब हुसैन और मोबिलाइजिंग ऑफिसर एजाज अहमद शाह के नेतृत्व में वरिष्ठ एफईएस अधिकारियों की देखरेख में चलाया गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।
अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है और आग लगने की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

## ममता के विधानसभा भवानीपुर से 44 हजार 770 मतदाताओं के नाम कटने पर स्क्रूटनी करेंगे बीएलओ

**एजेंसी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में जारी विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से 44 हजार 770 मतदाताओं के नाम हटाए जाने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने अपने विधानसभा क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस के बूथ स्तर के कार्यकताओं को पूरी तरह सतर्क रहने और एक भी वास्तविक मतदाता का नाम न कटने देने का निर्देश दिया है।

तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हटाए गए मतदाताओं की सूची की दोबारा गहन जांच करने के निर्देश दिए हैं, खासकर उन मतदाताओं के नाम जिनके सामने मृत या स्थानांतरित होने का कारण बताया गया है। मुख्यमंत्री ने बूथ स्तर के एजेंटों से कहा है कि वे ऐसे मतदाताओं के पते पर जाकर



वास्तविक स्थिति की पुष्टि करें और यह सुनिश्चित करें कि दी गई जानकारी सही है या नहीं।

तृणमूल नेतृत्व को आशंका है कि कुछ मतदाताओं को गलत तरीके से मृत या स्थानांतरित दिखाया गया है। इसी कारण पार्टी कार्यकर्ताओं को सूची का भौतिक सत्यापन करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी हाल में एक भी वास्तविक मतदाता का नाम मतदाता सूची से बाहर नहीं जाना चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसरों और ऊंची इमारतों में रहने वाले मतदाताओं पर विशेष नजर रखने का भी निर्देश दिया, क्योंकि ऐसे इलाकों में मतदाताओं के नाम कटने की शिकायतें सामने आ सकती हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी को नंदीग्राम सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से हुए उपचुनाव में जीत दर्ज कर उन्होंने लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री पद संभाला था। अब भवानीपुर से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटने के बाद तृणमूल कांग्रेस इस मुद्दे को बेहद संवेदनशील मानते हुए हर स्तर पर निगरानी बढ़ा रही है।

## ईडी ने फर्जी भारतीय दस्तावेज मामले में इंदुभूषण हलदार के खिलाफ पहली पूरक चार्जशीट दाखिल की

**एजेंसी**

**कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पाकिस्तानी नागरिक को फर्जी भारतीय दस्तावेज उपलब्ध कराने के मामले में इंदुभूषण हलदार उर्फ दुलाल और चार अन्य आरोपितों के खिलाफ पहली पूरक चार्जशीट दाखिल की है। यह चार्जशीट कोलकाता की विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम अदालत में दायर की गई है। ईडी के अनुसार, ताजा जांच के दौरान ऐसे नए दस्तावेज सामने आए, जिनसे यह स्पष्ट हुआ कि पाकिस्तानी नागरिक अजाद मलिक भारत में फर्जी पहचान के सहारे रह रहा था। उसका असली नाम अजाद मलिक है, जिसने खुद को मोना मलिक का बेटा बताकर भारतीय दस्तावेज हासिल किए। जांच में सामने आया है कि अजाद मलिक ने इंदुभूषण हलदार के साथ मिलीभगत कर बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों के लिए मोटी रकम लेकर आधार कार्ड, पैन कार्ड और पासपोर्ट जैसे भारतीय पहचान पत्र बनवाए। ईडी ने बुधवार सुबह अपने बयान में बताया कि पाकिस्तानी नागरिक को 15 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 13 अक्टूबर को इंदुभूषण हलदार से भी पूछताछ शुरू की गई। फिलहाल दोनों आरोपित न्यायिक हिरासत में हैं। जांच के दौरान ईडी ने अजाद मलिक से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की, जहां से आपत्तिजनक दस्तावेज और रिकॉर्ड जब्त किए गए। जांच में यह भी सामने आया कि अजाद मलिक ने अपने साथियों की मदद से जाली जानकारियों के आधार पर कई भारतीय पहचान पत्र बनवाए। इसके साथ ही वह भारत और बांग्लादेश के बीच अवैध सीमा पार लेनदेन के लिए हवाला नेटवर्क भी चला रहा था। वह नकद और यूपीआई के जरिये पैसे इकट्ठा करता था और फिर बांग्लादेश में बीकैश जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से रकम भेजी जाती थी। ईडी के मुताबिक, अजाद मलिक ने इंदुभूषण हलदार की मदद से फर्जी पहचान के आधार पर अपना भारतीय पासपोर्ट भी नवीनीकरण कराया। हलदार ही बांग्लादेशी ग्राहकों को जाली दस्तावेज उपलब्ध कराता था। जांच में पता चला है कि सभी भारतीय दस्तावेज बनवाने के लिए करीब 50 हजार रुपये वसूले जाते थे। दोनों ने मिलकर करीब 300 से 400 पासपोर्ट आवेदनों में मदद की। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि 29 पासपोर्ट आवेदनों में इंदुभूषण हलदार ने आयकर रिटर्न और कर भुगतान की जो रसीदें जमा की थीं, वे सभी एक जैसी थीं और उन पर आयकर विभाग की कोई मुहर नहीं थी। इससे साफ हो गया कि ये दस्तावेज पासपोर्ट हासिल करने के उद्देश्य से जाली तरीके से तैयार किए गए थे। ईडी की जांच में कई पासपोर्ट आवेदनों में गंभीर विसंगतियां भी सामने आईं। एक मामले में दो भाइयों की जन्मतिथि में केवल तीन महीने का अंतर दिखाया गया, जो जैविक रूप से असंभव है। एक अन्य मामले में दो भाइयों की जन्मतिथियों में सिर्फ सात महीने का अंतर पाया गया, जिसे भी संदिग्ध माना गया।

## बिजली बिल राहत योजना का असर: 15 दिन में 24 करोड़ की वसूली,लाखों बकायेदार आए लाइन में

**एजेंसी**

**बरेली :** उत्तर प्रदेश के बरेली में बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से लागू की गई बिजली बिल राहत योजनाझ्र2025 जिले में उम्मीद से कहीं अधिक प्रभावी साबित हो रही है। योजना शुरू होते ही वर्षों से बकाया दबाए बैठे उपभोक्ता भी आगे आने लगे हैं। ब्याज में 100 फीसदी माफी और मूलधन पर छूट ने ऐसे उपभोक्ताओं को भी राहत दी है, जो अब तक बिजली विभाग के लिए चुनौती बने हुए थे। बिजली विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, 1 दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच जिले में 24 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की गई है। यह राशि उन उपभोक्ताओं से प्राप्त हुई है, जिन्हें अब तक ह्यनेवर पेडह्ण और ह्यलॉन्ग अनपेडह्ण श्रेणी में रखा गया था। खास बात यह है कि 1.37 लाख नेवर पेड उपभोक्ताओं ने पहली बार बिजली बिल जमा किया, जबकि 1.83 लाख लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं ने वर्षों पुराना बकाया निस्तारित किया। इसके साथ ही बिजली चोरी के मामलों में चिह्नित 7205 उपभोक्ताओं ने भी योजना का लाभ उठाते हुए बकाया और जुमार्ना जमा किया। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि योजना को सफल बनाने के लिए विभाग ने व्यापक अभियान चलाया है। टीमें गांव-गांव और मोहल्लों में पहुंचकर उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी दे रही हैं। कैंप लगाकर मौके पर ही पंजीकरण, बिल संशोधन और भुगतान की सुविधा दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि यह योजना 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक तीन चरणों में लागू रहेगी। पहले चरण में ब्याज पर 100 फीसदी माफी और मूलधन पर 25 प्रतिशत छूट, दूसरे चरण में 20 प्रतिशत और तीसरे चरण में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं बिजली चोरी के मामलों में पहले चरण में राजस्व निर्धारण राशि पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। योजना का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण अनिवार्य है, जिसके लिए 2000 रुपये की धनराशि जमा करनी होगी।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में और तेजी आई, लेकिन पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इन दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.10 प्रतिशत और निफ्टी 0.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से आयशर



मोटर्स, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, श्रीराम फाइनेंस, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस के शेयर 1.50 प्रतिशत से लेकर 0.96 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, आईसीआईसीआई बैंक, मैक्स हेल्थकेयर, ट्रेंट लिमिटेड, एचडीएफसी लाइफ और जियो फाइनेंशियल के शेयर 1.38 प्रतिशत से लेकर 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,541 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,210 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,331 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 12 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान में और 20 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 176.40 अंक की मजबूती के साथ 84,856.26 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 84,889.45 अंक तक पहुंच गया। हालांकि ये तेजी अधिक देर तक टिक नहीं सकी। पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने सारी बढ़त गंवा कर लाल निशान में गोता लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 81.06 अंक की कमजोरी के साथ 84,598.80 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 42.30 अंक की छलांग लगा कर 25,902.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 25,929.15 अंक के स्तर तक आ गया। हालांकि पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 23.25 अंक की गिरावट के साथ 25,836.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 533.50 यानी 0.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 84,679.86 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 167.20 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,860.10 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

---

**न्यूज IN ब्रीफ**

### पुरुलिया नगरपालिका बोर्ड भंग, एसडीओ बने प्रशासक

**पुरुलिया :** पश्चिम बंगाल सरकार के शहरी विकास और नगरपालिका मामलों के विभाग ने पुरुलिया नगरपालिका बोर्ड को भंग करने की आधिकारिक सूचना जारी की है। मंगलवार देर शाम जारी सरकारी निर्देशिका के अनुसार, पश्चिम बंगाल नगरपालिका अधिनियम, 1993 की धारा 431 के तहत बोर्ड भंग कर दिया गया है और पुरुलिया सदर के अनुमंडल अधिकारी को अधिकतम छह महीने या नए निर्वाचित बोर्ड के गठन तक प्रशासक नियुक्त किया गया है। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुरुलिया में जल संकट, नालियों की जर्जर स्थिति, कचरा प्रबंधन की विफलता और टूटी सड़कें लंबे समय से शिकायत का विषय रही हैं। नागरिकों को बेहतर सेवाएं देने और प्रशासनिक शून्यता से बचने के लिए यह कदम उठाया गया। अधिकारी का कहना है कि यह निर्णय जनहित में और सेवाओं के सुचारु संचालन के उद्देश्य से लिया गया है। सत्तारूढ़ दल का कहना है कि निर्वाचित बोर्ड अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में असमर्थ था, इसलिए प्रशासनिक हस्तक्षेप जरूरी था। उनका दावा है कि यह कदम राजनीतिक नहीं, बल्कि केवल प्रशासनिक है। वहीं विपक्ष ने इसे लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय बताया है। उनका कहना है कि समस्याओं के समाधान और बोर्ड की दक्षता बढ़ाने के लिए अन्य विकल्प उपलब्ध थे, लेकिन सीधे बोर्ड को भंग करना जनता के जनादेश की अनदेखी है। पुरुलिया में आम लोगों की प्रतिक्रियाएं भी मिली-जुली हैं। कुछ लोग कह रहे हैं कि उन्हें राजनीति से कोई सरोकार नहीं, बस नल से पानी आना चाहिए। वहीं कई नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि अगर निर्वाचित बोर्ड को अचानक भंग किया जा सकता है, तो मतदान और प्रतिनिधित्व का क्या महत्व रह जाता है। एक वरिष्ठ नागरिक का कहना है कि प्रशासक शहर चला सकता है, लेकिन शहर की आत्मा खो जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रशासक व्यवस्था अल्पकाल में निर्णय प्रक्रिया तेज कर सकती है, लेकिन इसमें जनसहभागिता और जवाबदेही की कमी रहती है। भविष्य में चुनाव कब होंगे और प्रशासक कब तक कार्यभार संभालेंगे, यह स्पष्ट नहीं है। पुरुलिया अब प्रशासनिक नियंत्रण में है। लेकिन शहर केवल कागजों और कार्यालयी दस्तावेजों का संग्रह नहीं है; यह अपने नागरिकों से बना है। बोर्ड भंग करने का यह निर्णय केवल प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि शहरी शासन में लोकतंत्र के महत्व की परीक्षा भी है।

### श्रीनगर में मौसम खराब, चार उड़ानें रद्द

**श्रीनगर :** खराब मौसम और परिचालन संबंधी कारणों से आज सुबह श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चार उड़ानें रद्द कर दी गई। अधिकारियों के अनुसार इंडिगो की उड़ान 6ई-6164 जो सुबह 9 बजे अमृतसर के लिए रवाना होने वाली थी । उसे रद्द करना पड़ा। इंडिगो की एक अन्य उड़ान, 6ई-6962 जो शाम 6.45 बजे कोलकाता के लिए रवाना होने वाली थी परिचालन संबंधी कारणों से रद्द कर दी गई है। स्पाइसजेट की दो उड़ानें एसजी-180 और एसजी-160 दोनों दिल्ली के लिए रवाना होने वाली थीं और क्रमश: दोपहर 1.30 बजे और शाम 5.45 बजे रवाना होने वाली थीं परिचालन संबंधी कारणों से रद्द कर दी गई हैं।अधिकारियों ने बताया कि हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन मौसम की स्थिति पर निर्भर करता है और यात्रियों को नवीनतम जानकारी के लिए एयरलाइंस से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

### छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड, अंबिकापुर सबसे ठंडा

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच चुका है। राजधानी रायपुर में भी सुबह घना कोहरा छा रहा है और रात को शीत गिर रही है। मौसम विभाग ने आने वाले 2 से 3 दिनों के लिए कड़ाके की ठंड का अलर्ट जारी किया है, क्योंकि तापमान में लगातार गिरावट की वजह से अब ठंड का असर तेज होता जा रहा है।अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 6.5त्त दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने प्रदेश की राजधानी रायपुर समेत कोरिया, बिलासपुर, कोरबा, सूरजपुर, बलरामपुर, जशपुर, सरगुजा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,बिलासपुर, मुंगेली, कबीरधाम, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर और बालोद में शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है। छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का दौर जारी है। रायपुर के अमलेश्वर इलाके में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई और लोगों को वाहन लाइट जलाकर चलाने पड़े। इसी तरह रायगढ़ जिले के छाल क्षेत्र में भी घना कोहरा देखने को मिला। सरगुजा संभाग के कई इलाकों में धुंध के कारण विजिबिलिटी घटकर महज 20 मीटर तक रह गई, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के उत्तर और मध्य हिस्सों में ठंड का असर बना रहेगा। अगले दो दिनों तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, हालांकि इसके बाद तीन दिनों में तापमान 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक और गिर सकता है।
ठंड का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। रायपुर स्थित मेकाहारा अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 300 से 350 मरीज त्वचा संबंधी समस्याओं के साथ पहुंच रहे हैं। इनमें ड्राई स्किन, एक्जिमा और सोरायसिस के मरीजों की संख्या अधिक है। डमेटीलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. मृत्युंजय सिंह के अनुसार ठंड के मौसम में ये समस्याएं आम हैं, लेकिन समय पर उपचार न होने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश में अधिकतम तापमान 29.7 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया।

### ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में तेजी का रुख

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल मजबूती के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान लगातार गिरावट का माहौल बना रहा। वहीं, एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर मजबूती नजर आ रही है। कमजोर जॉब डेटा की वजह से अमेरिकी बाजारों में पिछले सत्र के दौरान दबाव की स्थिति बनी रही। डाउ जॉन्स 300 अंक की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स लगातार तीसरे कारोबारी दिन कमजोरी के साथ 6,806.72 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इस सूचकांक ने 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके विपरीत नैस्डेक 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,134.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 48,196.76 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.69 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 9,684.79 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.23 प्रतिशत टूट कर 8,106.16 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 153.5 04 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,076.87 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का माहौल बना हुआ है। एशिया के नौ बाजार में से आठ के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। एशियाई बाजार में इकलौता स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स फिलहाल 0.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,568.06 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.05 अंक की मामूली तेजी के साथ 25,928 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ 49,450 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। कोस्पी इंडेक्स में आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन जोरदार तेजी नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 0.96 प्रतिशत उछल कर 4,037.67 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 196.31 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की छलांग लगा कर 27,732.97 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,710.15 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,263.95 अंक के स्तर पर, हैंग सेंग इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,288 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.17 प्रतिशत उछाल कर 3,831.43 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

### कश्मीर में भीषण ठंड, -16 डिग्री सेल्सियस के साथ जोजिला रहा सबसे ठंडा स्थान रहा

**श्रीनगर :** बुधवार को भी जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में ठंड का प्रकोप जारी रहा, कश्मीर घाटी के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। कश्मीर क्षेत्र में पुलवामा और शोपियां सबसे ठंडे स्थान रहे, दोनों में न्यूनतम तापमान -4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद अनंतनाग में -4.2 डिग्री और पंपोर में -4.0 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

न्यूज IN ब्रीफ

## कोडरमा में प्राइवेट स्कूल का आयरन स्टीम बॉयलर फटा, 5 लोग घायल



**कोडरमा :** जिले के तिलैया डैम स्थित एक निजी स्कूल में आयरन स्टीम बॉयलर फटने से पांच लोग घायल हो गए। जिसमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल सभी घायलों का इलाज एक निजी क्लीनिक में जारी है। हादसे में घायल एक व्यक्ति ने बताया कि स्कूल का आयरन स्टीम बॉयलर पिछले 4 दिनों से खराब था। जिसे बदलने के लिए स्कूल प्रबंधक को कहा गया था।

बॉयलर बदलने की बात को टाल मटोल करते रहे प्रबंधक

घायल व्यक्ति ने कहा कि स्टीम बॉयलर बदलने के लिए स्कूल प्रबंधक की ओर से आज-कल किया जा रहा था। बॉयलर नहीं बदलने की स्थिति में मंगलवार को घटना घट गई। इधर घटना को लेकर स्कूल प्रबंधक अविनाश सेठ ने कहा कि स्कूल की लॉन्ड्री में आयरन स्टीम बॉयलर फटने से घटना घटी है। उन्होंने कहा कि घटना में घायल सभी लोगों का इलाज करवाया जा रहा है। वहीं बॉयलर खराब होने के सवाल पर उन्होंने इंकार किया है।

बता दें कि जहां हादसा हुआ है वो एक प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालय है, जहां बिहार झारखंड के कई जिलों के छात्र रहकर पढ़ाई करते हैं। ऐसे में लॉन्ड्री का स्टीम बॉयलर खराब होने की स्थिति में उसे नहीं बदला जाना बड़ी लापरवाही को दर्शार्ता है। इधर घटना में घायल सभी कर्मचारी बिहार के गया के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना को लेकर तिलैया डैम ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना को लेकर जांच की।

## चक्रधरपुर मंडल रेलवे में तकनीशियन की वरीयता सूची जारी

**जमशेदपुर :** टाटानगर और आदित्यपुर समेत चक्रधरपुर मंडल में कैरिज एंड वैगन विभाग के तकनीशियन की वरीयता सूची मंगलवार को जारी हो गई। रेलवे कार्मिक विभाग द्वारा 422 तकनीशियन की सूची जारी की गई है, जो विभागीय स्तर पर सीनियर घोषित हैं। इनमें टाटानगर के भी दो दर्जन से ज्यादा तकनीशियन शामिल है। इधर चक्रधरपुर मंडल रेलवे में सहायक लोको पायलट को सीनियर बनाने की प्रक्रिया शुरू है। इसके बाद मालगाड़ी के लोको पायलट को पैसेंजर ट्रेन चालाक बनने और मुख्य लोगों को निरीक्षक की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी।

## आदित्यपुर आरपीएफ ने वारंटी को भेजा जेल

**जमशेदपुर :** आदित्यपुर के आरपीएफ जवानों ने रेल संपत्ति चोरी के मामले में फरार आरोपी को मंगलवार दोपहर मुस्लिम बस्ती से दबोच लिया पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेजा गया है जबकि एक अन्य मामले के आरोपी के घर पर आरपीएफ के जवानों ने मुस्लिम बस्ती के ही छोटू के घर पर इश्तिहार भी चिपका दिया क्योंकि सितंबर में आदित्यपुर के शेड से लोहा चोरी के मामले में वह कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। टाटानगर के आरपीएफ जवानों ने मंगलवार को पांच वारंटी को पड़कर रेलवे अदालत में पेश किया था।

## अक्षेस का विशेष अभियान, दो सांड पकड़े गए

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर अक्षेस प्रशासन ने साकची मनोकामना मंदिर एवं काशीडीह क्षेत्र में आवारा पशुओं पर नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान दो आवारा सांडों को सुरक्षित रूप से पकड़ा गया। पकड़े गए सांडों को टाटानगर गौशाला भेज दिया गया, जहां उनकी देखभाल की व्यवस्था की गई है। यह कार्रवाई बाजार क्षेत्र में यातायात बाधा, दुर्घटनाओं की आशंका और आमजन को हो रही परेशानी को देखते हुए की गई। उप नगर आयुक्त ने बताया कि शहर में आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे। नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी समस्या की सूचना नगर निगम को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके।

## जुगसलाई और सोनारी में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** जुगसलाई थाना क्षेत्र के डिकोस्टा रोड स्थित बैकुंठ अपार्टमेंट में सीए प्रवीण गोयल के घर दिनदहाड़े ताला तोड़कर लाखों रुपये के गहने चोरी करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, गहनों की खरीद-फरोख्त करने वाले सोनार को भी हिरासत में लिया गया है। मुख्य आरोपी की पहचान कदमा उलियान टैंक रोड निवासी शिवा महानंद के रूप में हुई है। उसके साथ कार्तिक नायडू और कदमा बाजार काली मंदिर के पास स्थित देवचंद ज्वेलर्स के सोनार रोहित वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए गहने और गलाया हुआ सोना भी बरामद किया है। जांच में सामने आया है कि शिवा महानंद दिन में घरों की रेकी करता और रात में अकेले चोरी की वारदात को अंजाम देता था। उसने जुगसलाई के अलावा सोनारी थाना क्षेत्र के आदर्श नगर फेज-4, 7 और 9 में भी चोरी की घटनाएं की हैं। कार्तिक नायडू ने ही उसकी मुलाकात सोनार रोहित वर्मा से कराई थी, जिसके बदले उसे छह हजार रुपये कमीशन मिला। पुलिस बुधवार को पूरे मामले का खुलासा करेगी।

## बागबेड़ा में अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** बागबेड़ा पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार रविवार को बागबेड़ा के कीताडीह में मारपीट की घटना हुई थी, जिसमें एक आरोपी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी के पास से चापड़ और हथियार बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले का विस्तृत खुलासा आज किया जाएगा। बिष्टूपुर में चोरी की बाइक और ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार जमशेदपुर। बिष्टूपुर पुलिस ने साउथ पार्क के पास कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर के साथ आदित्यपुर निवासी कार्तिक महतो को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के पास से 10 पुड़िया ब्राउन शुगर और चोरी की एक बाइक बरामद की गई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में एक युवक ब्राउन शुगर की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# छह स्थानों में गैस रिसाव में कमी राजपूत बस्ती में अब भी ज्यादा

**संवाददाता**

**धनबाद/पुटकी :** बीसीसीएल पीबी एरिया के केंदुआडीह क्षेत्र में मंगलवार को छह स्थानों पर गैस रिसाव में कमी दर्ज की गई है। वैसे राजपूत बस्ती में अभी भी गैस रिसाव स्तर ज्यादा है। बुधवार को बोर होल शुरू किया गया है। बुधवार को बोर होल के साथ नाइट्रोजन फिलिंग की भी योजना है। बताया गया कि बोर होल के लिए मशीन, पानी का टैंकर,नाइट्रोजन टैंकर आदि सभी व्यवस्था है। संभावना जताई जा रही है कि गैस रिसाव में कमी के बाद बोर होल से और कमी आ सकती है। कोयला खदानों में जहरीली गैस (कार्बन मोनोक्साइड) के दबाव को कम करने और रिसाव को नियंत्रित करने के लिए लंबे समय से नाइट्रोजन फिलिंग का उपयोग किया जाता है।

नाइट्रोजन की निष्क्रियता और बड़े अणु आकार के कारण यह गैस रिसाव को रोकने और सिस्टम की स्थिरता बनाए रखने में मदद करती है। मालूम हो कि केंदुआडीह में तीन दिसंबर से अनवरत जहरीली गैस का रिसाव हो रहा है। गैस रिसाव की चेपेट में आने से दो महिलाओं की मौत भी हो चुकी है और कई बीमार पड़े। गैस रिसाव प्रभावित क्षेत्र में रहनेवालों के लिए अलग से टेंट की व्यवस्था करनी पड़ी है। मंगलवार को ओल्ड जीएम बंगला में बोर होल के लिए ड्रिलिंग कार्य प्रारंभ किया गया। किसी तरह की घटना से बचाव के लिए अग्निशामक वाहन, पानी, बालू, गैस को डायवर्ट करने के लिए स्टैंड पंखा



रखा गया है। अगर ड्रिलिंग सफल हुई तो बोर होल में नाईट्रोजन गैस डालकर कार्बन मोनोऑक्साइड गैस को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू होगा। मुनादी कर लोगों से बोर होल वाले क्षेत्र से दूर रहने की अपील की गई। मौके पर डीजीएमएस और सिंफर के वैज्ञानिकों की टीम लगातार निगरानी बनाए हुए है। सुरक्षा को देखते हुए पूरे क्षेत्र को अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी तरह की घटना से बचा जा सके। आईआईटी आईएसएम, सीएमपीडीआईएल, सिंफर एवं पीएमआरसी सहित कई वैज्ञानिक संस्थानों की विशेषज्ञ टीमें मामले पर नजर रख रही हैं। पीबी एरिया के बंद केंदुआडीह कोलियरी के 13 व 14 नम्बर सिम से तीन दिसंबर से करीब डेढ़ किलोमीटर के लंबे व आधा किलोमीटर चौड़े इलाके में गैस रिसाव हो रहा है।

# कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय कोल्हान के गौरव हैं

**बिनय मिश्रा**

झारखंड के तेज तर्रार कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों तथा कामयाबी के लिए पहचाने जाने वाले कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय कोल्हान के लिए भी गौरव हैं। श्री सोय झारखंड के उन सफलतम डीएसपी में शामिल हैं जिनकी विशेषता अपराध नियंत्रण, अपराधियों की धर पकड़ और अपराध करने वाला अपने को कितना भी चतुर समझे लेकिन श्री सोय की नजरों और हाथों से बचना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है।श्री सोय का कोल्हान से पुराना नाता इसलिए है क्योंकि इनका पैतृक निवास स्थल सरायकेला खरसावां है तथा इनकी पढ़ाई कोल्हान प्रमंडल चाईबासा के ऐतिहासिक टाटा कॉलेज अपने उपलब्धि और कामयाबी वाले छात्रों से यह महाविद्यालय हमेशा गौरवान्वित रहा है और श्री सोय इस महाविद्यालय के छात्र रहे हैं। जगन्नाथपुर डिग्री कॉलेज के प्रचार्य प्रोफेसर विकास कुमार मिश्रा का कहना है कि -

टाटा कॉलेज ने हमेशा होनहार, प्रबुद्ध और ख्यातिप्राप्त छात्रों का यह महाविद्यालय रहा है श्री सोय भी इस महाविद्यालय के छात्र रहे हैं जो उपलब्धि और गौरव की बात है। श्री मिश्रा ने कहा कि वह भी



इस महाविद्यालय के छात्र रहे हैं जो उनके लिए हमेशा गर्व का विषय है। टाटा कॉलेज चाईबासा के संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि - इस महाविद्यालय ने हमेशा अपनी कामयाबी,उपलब्धि से गौरव हासिल किया है।वह हमेशा हर्षित हैं जो यहां पढ़ें हैं।

# रामराज मंदिर के मुख्य आचार्य की देवघर में करंट से मौत

**संवाददाता**

**देवघर/बरोरा :** धनबाद के रामराज मंदिर (चिटाही धाम) के मुख्य आचार्य 25 वर्षीय आशीष पांडेय की मौत मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे देवघर में करंट लगने से हो गई। सोमवार शाम को ही वह अपने पैतृक गांव जसीडीह थाना अंतर्गत रोहिणी पांडेय टोला गए थे। मंगलवार की सुबह हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। आशीष का विवाह 19 मार्च 2026 को रांची में होने वाला था। वह धनबाद के सांसद ढुलू महतो द्वारा निर्मित रामराज मंदिर में पूजा कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों ने बताया कि आशीष मंगलवार की सुबह अपनी जमीन पर जेसीबी से मिट्टी कटाई करा रहे थे। काम के दौरान मशीन का पंजा उधर से गुजरे 11 हजार वोल्ट का केबल बार-बार टकरा रहा था, जिससे चालक को परेशानी हो रही थी। इसलिए आशीष जमीन के बगल स्थित एक घर की छत पर चढ़ कर केबल को हटाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने बिजली विभाग को सूचना दी। लाइन कटने के बाद उन्हें देवघर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता दिवाकार पांडेय ने बताया कि आशीष परिवार का मुख्य सहारा था। पूजा-पाठ कर घर की आजीविका चलाती थी। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। आशीष मिलनसार, हंसमुख व सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनका अधिकांश समय मंदिर परिसर में ही व्यतीत होता था। चार वर्षों से रामराज मंदिर में मुख्य आचार्य के रूप में सेवा दे रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो रोहिणी पहुंचे और आशीष के पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दी। सांसद ढुलू महतो ने भी आशीष पांडेय के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष चंदन महतो, एटक नेता खुशवंत देवा, भरत महतो, संतोष गोराई, संस्कार ज्ञानपीठ हरिणा के निदेशक मुकेश कुमार राय, बरोरा पुजसस के सचिव मिथिलेश कुमार, मनदीप शास्त्री, अजय महतो, रत्नेश कुमार उर्फ चीकू, देवानंद साव, शशि यादव, सुरेश साव, अनिल ने शोक प्रकट किया है।

## धनबाद में अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, संचालक फरार

**धनबाद :** एक्साइज विभाग और गिरिडीह जिले की एक्साइज की टीम ने संयुक्त छापेमारी कर मनियाडीह थाना अंतर्गत जीतपुर बस्ती में अवैध अंग्रेजी शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी टीम ने 12 सौ लीटर स्प्रिट, अलग-अलग ब्रांडो के 175 लीटर अवैध विदेशी शराब, भारी मात्रा में खाली बोतल, स्टिकर, कॉर्क आदि जब्त किया है। इस दौरान संचालक मौके से फरार हो गया।

एक्साइज विभाग की टीम सभी जब्त सामान को लेकर धनबाद एक्साइज कार्यालय लेकर पहुंची है। उत्पाद निरीक्षक कुमार सत्येंद्र ने बताया कि जब्त शराब का बाजार मूल्य करीब 8 लाख रुपए हैं। अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का संचालन डब्लू मंडल एवं मकान मालिक टीकाराम द्वारा किया जा रहा था। दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। संचालक डब्लू मंडल के खिलाफ पूर्व में भी अवैध शराब बनाने को लेकर कार्रवाई की जा चुकी है। अवैध शराब को आसपास के होटलों और शायद बिहार में भी भेजा जा रहा था।

कुछ दिनों पहले भी हुई थी छापेमारी

उत्पाद विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर नकली अंग्रेजी शराब की अवैध फैक्ट्री का खुलासा कर रही है। निर्मित शराब और कच्ची सामग्री के साथ उपकरण भी बरामद कर रही है। लेकिन कारोबारियों में पुलिस का अब भी कोई खौफ नहीं दिखाई दे रहा है। पिछली बार भी उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। इस दौरान भी कारोबारी मौके से फरार हो गए थे। इस बार भी उत्पाद विभाग की टीम के हाथ खाली हैं। फिलहाल अभी तक किसी की गिरफ्तार नहीं हुई है।

# लातेहार में होमगार्ड जवान ने कोयला कारोबारियों पर लगाया मारपीट का आरोप, एफआईआर दर्ज

**संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरियाखाड़ कोलयरी में सुरक्षा में तैनात होमगार्ड जवान मोहन कुमार के साथ मारपीट की घटना हुई है। इस घटना से होमगार्ड जवानों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में होमगार्ड जवान के आवेदन पर बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके तहत पुलिस ने पूरे मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया है।

जातिसूचक शब्द प्रयोग करने का भी आरोप

दरअसल, तेतरियाखाड़ कोलयरी में प्रतिनियुक्ति होमगार्ड के जवान मोहन कुमार भोक्ता ने आरोप लगाया है कि बालूमाथ के दो कोयला कारोबारी उनकी पोस्ट के पास आए और विवाद करने लगे। इसके बाद दोनों कोयला कारोबारियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट भी की।

होमगार्ड जवान ने जातिसूचक शब्दों के प्रयोग करने का भी आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि इस संबंध में उसने कोलियरी प्रबंधन से भी शिकायत की, लेकिन कोलियरी प्रबंधन के



द्वारा इस मामले में किसी प्रकार की कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उसने थाना पहुंचकर अपना आवेदन दिया है।

घटना के बाद होमगार्ड जवानों में आक्रोश

इधर, इस घटना के बाद होमगार्ड जवानों में आक्रोश देखा जा रहा है। उनका कहना है कि सुरक्षा ड्यूटी में तैनात रहने के दौरान इस प्रकार की घटना अक्सर होती रहती है। होमगार्ड जवानों का कहना है कि यदि इस मामले में कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो वे लोग आंदोलन भी करेंगे। इस मामले को लेकर वे राज्य स्तरीय संघ में भी मामला उठाएंगे और जरूरत पड़ने पर बड़ा आंदोलन करेंगे।

आवेदन के आधार पर की गई है प्राथमिकी

इधर, इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि होमगार्ड जवान के द्वारा एक आवेदन दिया गया है। आवेदन के आधार पर दो कोयला कारोबारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# कोयला प्रोडक्शन सुधारने में जुटी बीसीसीएल, सीएमडी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**संवाददाता**

**धनबाद :** प्रोडक्शन और डिस्पैच में बीसीसीएल की स्थिति अच्छी नहीं है. वित्तीय वर्ष शेष होने में 105 दिन शेष बचे हैं. ऐसे में बीसीसीएल सभी 12 एरिया में चलने वाली विभिन्न परियोजनाओं को बेहतर प्रोडक्शन की दिशा में प्रयासरत है, जिसे लेकर बीसीसीएल सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल कंपनी को बेहतर स्थिति में लाने के लिए ओपन कास्ट परियोजना का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहें हैं. इसी क्रम में बीसीसीएल सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल अधिकारियों संग ऐना प्रोजेक्ट पहुंचे और अधिकारियों से जानकारी ली.

कोयला प्रोडक्शन बढ़ाने की दिशा में पहल

मीडिया से बातचीत के दौरान सीएमडी ने कहा कि वित्तीय वर्ष खत्म होने में अभी 105 दिन शेष बचे हैं. बीसीसीएल की स्थिति बेहतर करने की दिशा में कोशिश की जा रही है. कोयले के प्रोडक्शन बढ़ाने की दिशा में पहल की जा रही है. प्रोडक्शन के दौरान आने वाली समस्याओं के निदान पर अधिकारियों से बातचीत की गई है. सुरक्षा का भी विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया गया है. ओपन कास्ट में चलने वाली मशीनों की स्थिति की जानकारी ली गई है.

उन्होंने कहा कि यहां की टीम बहुत अच्छा कार्य कर रही है. बरसात के समय से ही माइंस के नीचे पानी काफी है. यहां के अधिकारियों ने दिन रात एक उसे खाली किया है,



जो कि अब स्थिति काफी अच्छी हो गई है. नीचे वाले फेस से चार हजार से पांच हजार टन कोयले का प्रोडक्शन होगा.

कोयला चोरी का भी होगा निदानः सीएमडी

उन्होंने कहा कि कोयले की गुणवत्ता के क्षेत्र में और अधिक प्रयास करने की जरूरत है. ताकि कोयले की शुद्धता बनी रहे. कभी-कभी फेस में कोयला और पत्थर एक जैसा नजर आता है. रोशनी की ज्यादा से ज्यादा व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कठिनाई ना आए. कोयलांचल में कोयला चोरी पर उन्होंने कहा कि यह एक कोढ़ की तरह है. कम उम्र में विवाह और जाति प्रथा जैसी कई कुरीतियां फैले रहते हैं. समय के साथ सबका निदान होता है. उसी तरह से कोयला चोरी भी है, समय के साथ इसका भी निदान निकल सकेगा. सबके सहयोग के साथ इस बीमारी को भी दूर करेंगे, जिससे कि देश, राज्य और कंपनी का समुचित विकास हो सके. उन्होंने कहा कि इस साल बारिश सामान्य से अधिक डेढ़ गुना हुई है. माइंस के अंदर बारिश के कारण पानी भर गई, लेकिन अब धीरे-धीरे स्थिति ठीक हो रही है.